

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

तीनों प्रारूप से हटी

नई दिल्ली। भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। सैतीस वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।



haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026



दो राज्यों का है मामला इसलिए जरुरत पड़ी सीबीआई जांच की

तीन बाघों का शिकार, पुलिस सिपाही भी शामिल, अब सीबीआई करेगी जांच

- तीन बाघों का शिकार, मिली थी खाल, शिकार के फंदे, चाकू, 12 पंजे और चार कैनाइन दांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फोटोः एआई

हरिभूमि फॉलोअप

छत्तीसगढ़ सरकार ने वन अपराध से जुड़े दो मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो(सीबीआई) से करवाने का फैसला किया है। राज्य सरकार ने बाघों के कथित शिकार और वन्यजीव तस्करी से जुड़े दो वन अपराध मामलों की जांच के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना यानी सीबीआई को राज्य में जांच करने की सहमति दे दी है।

गृह विभाग ने 5 अक्टूबर को सीबीआई को इन दोनों मामलों की जांच के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में अपनी शक्तियों और क्षेत्राधिकार का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। इनमें पहला मामला उत्तर बस्तर कांकेर जिले के पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल में दर्ज पीओआर क्रमांक 390/09 है। यह मामला 29 जून 2026 को दर्ज किया गया था। दूसरा मामला इंद्रावती ▶▶|शेष पेज 7 पर

मामला शुरू कैसे हुआ?

इसकी शुरुआत 29 जून की रात हुई। वन विभाग और एंटी-पोचिंग टीम को सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली से दो लोग छत्तीसगढ़ की ओर बाघ की खाल लेकर आ रहे हैं। संयुक्त टीम ने कांकेर जिले में बांदे-पखांजूर मार्ग के पास उन्हें रोककर तलाशी ली। उनके पास से दो बाघ की खाल, 13 मूंछ के बाल और महाराष्ट्र नंबर की एक मोटरसाइकिल बरामद होने की जानकारी सामने आई है। दोनों आरोपियों की पहचान गढ़चिरौली निवासी बिजेश्वर/बीयेंद्र गेडाम और बाबूराव मडावी के रूप में हुई। वन विभाग की जांच में सामने आया कि गेडाम महाराष्ट्र पुलिस की गढ़चिरौली स्पेशल ब्रांच के इंटेलिजेंस सेल में कांस्टेबल था, जबकि मडावी को पुलिस का मुखबिर बताया गया है। दोनों को 30 जून को भानुप्रतापपुर की अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इसी मामले में पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडल ने पीओआर 390/09 दर्ज किया था, जिसका उल्लेख अब राज्य सरकार की सीबीआई जांच संबंधी सहमति में भी है। पूछताछ के बाद जांच पहुंची बीजापुर के नेतीवाड़ा तक। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद जांच छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा के ▶▶|शेष पेज 7 पर

जुलाई को नदी किनारे मिली तीसरे बाघ की खाल

जांच के दौरान 5 जुलाई को इंद्रावती नदी के किनारे एक और बाघ की खाल मिलने की बात सामने आई। इसके बाद इंद्रावती टाइगर रिजर्व में पीओआर क्रमांक 22108/01 दर्ज किया गया। यही दूसरा मामला सीबीआई जांच के लिए शामिल किया गया है। यानी सरकार ने अलग-अलग स्थानों पर दर्ज दोनों वन अपराध मामलों को केंद्रीय जांच के दायरे में लाने की सहमति दी है। इस मामले में इसके बाद सात और लोगों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी सामने आई। इस तरह गिरफ्तार आरोपियों की संख्या नौ बताई गई है। इनमें चार महाराष्ट्र के और पांच बीजापुर जिले के बताए गए हैं।

सीबीआई जांच की जरूरत इसलिए पड़ी?

मामले को केवल बाघ के शिकार का स्थानीय मामला नहीं माना गया। वन विभाग की शुरुआती जांच में इसके अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका सामने आई। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शुरुआती मामले में गिरफ्तार दो लोगों में से एक महाराष्ट्र पुलिस की इंटेलिजेंस व्यवस्था से जुड़ा था और दूसरा पुलिस मुखबिर बताया गया। इसके अलावा जांच महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों में फैली। वन विभाग को सीबीआई जांच की सिफारिश में कथित तौर पर यह आशंका भी जताई गई कि इंद्रावती नदी के आसपास का दुर्गम अंतरराज्यीय इलाका वन्यजीवों की अंतरराज्यीय या अंतरराष्ट्रीय तस्करी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। मामले में आगे की जांच के लिए दूसरे राज्यों में भी कार्रवाई या गिरफ्तारियों की जरूरत पड़ सकती है।

आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं जुटे

एसिड अटैक पर आक्रोश, आरोपियों का सिर मुड़ाकर निकाला जुलूस, छात्रों का हंगामा

फांसी की मांग को लेकर लगाए नारे

प्रेम संबंध में युवती के शादी से इंकार करने पर रची साजिश, दोस्त के साथ मिलकर वारदात को दिया अंजाम



युवती के उपर एसिड अटैक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों का मुंडन कराकर शहर भ्रमण कराया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने पहुंचकर नारेबाजी की और आरोपियों को फांसी देने की मांग की। इस दौरान छात्र व छात्राओं ने आरोपियों के ऊपर स्याही भी फेंकी। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने जमकर हंगामा किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित युवती के कथित प्रेमी यश सोनकर ने ही एसिड फेंकने की साजिश रची थी। बालोद की पीड़ित युवती प्रतिदिन की भांति लाइब्रेरी से अपने घर की ओर वापस जा रही थी, तभी एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उस पर एसिड फेंककर हमला किया गया, जिससे छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। पड़ोस के लोग उसकी आवाज सुनकर तत्काल मदद के लिए बाहर निकले तथा पीड़िता के ▶▶|शेष पेज 7 पर









ऐसे रची साजिश

आरोपी यश सोनकर लगातार युवती को मनाने का प्रयास कर रहा था। युवती द्वारा तैयार नहीं होने की स्थिति में उसने अपने दोस्त करण कुंजाम को 26 सितंबर को बालोद बुलाया। 27 सितंबर को एसिड खरीदकर गणेश झांकी के दौरान घटना को अंजाम देने की प्लानिंग की गई, लेकिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए आरोपियों ने उस समय घटना को अंजाम नहीं दिया। इसके बाद 05 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे, जब युवती लाइब्रेरी से अपने घर वापस लौट रही थी, तभी यश सोनकर के कहने पर करण कुंजाम द्वारा युवती पर एसिड फेंका गया। ▶▶|शेष पेज 7 पर

खबर संक्षेप

एयर मार्शल आशुतोष होंगे अगले वायुसेना प्रमुख

नई दिल्ली। एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित अगले वायुसेना प्रमुख होंगे और वह वर्तमान वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह की जगह लेंगे।



दीक्षित को अपनी रणनीतिक योजना के लिए जाना जाता है। वह वर्तमान में वायुसेना के उप प्रमुख हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को 29वां वायुसेना प्रमुख नियुक्त किया है और उनकी नियुक्ति 31 अक्टूबर की दोपहर से प्रभावी होगी। वर्तमान वायुसेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

काशी में विश्वनाथ, वडनगर में हटकेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के साथ खत्म होगी 'सेवा संकल्प यात्रा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली







पीएम मोदी की जनसेवा के 25 साल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार के चुने हुए प्रमुख के तौर पर 25 साल की जनसेवा के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा शुरू की गई 'सेवा संकल्प यात्रा' बुधवार को गुजरात के वडनगर और उत्तर प्रदेश के वाराणसी में दो भव्य समापन समारोहों के साथ होगी। वडनगर में 'सेवा संकल्प यात्रा' का समापन 'सेवा यात्रियों' द्वारा हटकेश्वर महादेव मंदिर में और वाराणसी में 'सेवा यात्री' काशी विश्वनाथ ▶▶|शेष पेज 7 पर

वडनगर में होंगे शिवराज, शुभेंदु

वडनगर में होने वाले इस कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और भाजपा के सभी सेल के कोऑर्डिनेटर वीडी शर्मा संबोधित करेंगे। एक साथ होने वाले ये दो समापन कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी की उस यात्रा का प्रतीक होंगे, जो वडनगर से शुरू होकर वाराणसी तक का सफर पूरा करती है। पीएम मोदी का जन्म और पालन-पोषण वडनगर (गुजरात) में हुआ था, जबकि वाराणसी उनका लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है।

छग के 90 विस क्षेत्रों में ज्योति कलश यात्रा, कृषि मंडपम में मोदी को सुनेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की सभी 90 विधानसभा सीटों में सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान मशाल पदयात्रा और बाइक रैली ▶▶|शेष पेज 7 पर

अभियान का समापन 17 को

सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहा है। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सेवा ज्योति यात्रा को ▶▶|शेष पेज 7 पर

वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम.डी. सुभाष गोयल ने की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात, होम रैमिडीज़ पर हुई चर्चा



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल को राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में बुलाकर सम्मानित करते हुए



सुभाष गोयल इन दिनों **XN-PRASH** च्यवनप्राश को लेकर चर्चा में है। इसी के चलते वैदबाण आयुर्वेदिक के ऐम. डी. सुभाष गोयल तथा उनकी बेटी डा. मिशेल गोयल को परिवार सहित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात के लिए दिल्ली राष्ट्रपति भवन में बुलाया गया, इस दौरान भारतीय रसोई, स्वस्थ जीवनशैली व घरेलू रैमिडीज़ पर विस्तार से बात-चीत की।

कोल घोटाले में ईओडब्ल्यू ने पेश किया चालान, कई राज खुल रहे

सूर्यकांत से देवेंद्र ने लिए थे 3 करोड़, कुमार विश्वास को भी इसी रकम से भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कोल लेवी स्कैम मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) द्वारा पेश 9500 पन्नों की चार्जशीट में यह भी खुलासा हुआ है कि विधायक देवेंद्र यादव सीधे सूर्यकांत तिवारी के संपर्क में थे। देवेंद्र और सूर्यकांत के बीच वव्हाट्सऐप बातचीत तथा डायरी में देवेंद्र और नवाज के नाम से दर्ज प्रविष्टियों के स्क्रीनशॉट जैसे अहम सबूत भी ईओडब्ल्यू के हाथ लगे हैं। डायरी में नवाज के माध्यम से देवेंद्र तक रकम पहुंचाने वाले लोगों की बातचीत का भी उल्लेख


बड़ा घोटाला, बड़ी जांच, कोल घपले में 9500 पेज का एक और चालान, विधायक समेत 12 आरोपी

है। इस तरह चार्टशीट में वाट्सप चैट एवं डायरी में दर्ज 3 करोड़ रुपए के लेन-देन से संबंधित अभिलेख का उल्लेख है। खास बात यह है कि बातचीत में कुमार विश्वास के कार्यक्रम के लिए इस रकम से भुगतान करने का भी जिक्र है।

अलग-अलग तारीख में पहुंचाई गई रकम

ईओडब्ल्यू की जांच में दावा किया गया है कि देवेंद्र यादव के लिए भेजी गई रकम को नवाज प्राप्त करता था, तथा उसके माध्यम से ही रकम देवेंद्र तक पहुंचाई जाती थी। डायरी में दर्ज प्रविष्टि के अनुसार 30 मार्च 2022 को देवेंद्र के लिए 10 लाख रुपए नवाज तक पहुंचाए गए थे। जिन लोगों ने यह रकम नवाज तक पहुंचाई थी, उन सभी की बातचीत भी ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट में उल्लेख किया है। ईओडब्ल्यू के अनुसार 9 अप्रैल 2022 को देवेंद्र और सूर्यकांत के बीच खैरागढ़ पहुंचने के संबंध में व्हाट् सएप बातचीत हुई थी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

डा. कुमार विश्वास कार्यक्रम के लिए 25 लाख रुपए की व्यवस्था करने का उल्लेख

ईओडब्ल्यू की जांच में यह भी पता चला है कि 5 अप्रैल 2022 को भी देवेंद्र और सूर्यकांत के बीच वाट्सप बातचीत हुई है, जिसमें रामनवमी के अवसर पर डॉ. कुमार विश्वास का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए 25 लाख रुपए की व्यवस्था करने का जिक्र है। इसी प्रकार 7 अप्रैल 2022 को दुर्ग ग्रुप बातचीत में नकद रकम मिलने और उसे आगे पहुंचाने से संबंधित संदेश है। देवेंद्र यादव से संबंधित वाट्सप बातचीत तथा डायरी में उनके और नवाज के नाम से दर्ज प्रविष्टियों के स्क्रीनशॉट भी ईओडब्ल्यू ने चार्जशीट के साथ पेश किया है। इस तरह ▶▶|शेष पेज 7 पर

दिल्ली कोर्ट ने 17 प्रदर्शनकारियों को जमानत देते हुए मांगी रिपोर्ट

'कस्टोडियल टॉर्चर' के आरोपों पर दिल्ली पुलिस को देना होगा जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक कोर्ट ने सोमवार को गिरफ्तार किए गए दो प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाए गए 'कस्टोडियल टॉर्चर' के आरोपों पर दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने गैर-कानूनी तरीके से इकट्ठा होने और पब्लिक जगह में रुकावट डालने के आरोपी 17 लोगों को जमानत देते हुए कहा कि वे युवा हैं और उनके सामने पूरा करियर है। कोर्ट ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि किसी भी व्यक्ति को शांति से विरोध करने का अधिकार है, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर हमला करना गंभीर चिंता का विषय है, जिसकी इजाजत शांतिपूर्ण विरोध की आड़ में नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा, 'यह भी तर्क दिया गया कि आरोपी बहुत कम उम्र के हैं और उनमें से ज़्यादातर छात्र हैं जो असहमति जताने और विरोध करने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल कर रहे थे। यह भी तर्क दिया गया कि कुछ आरोपियों को चोटें भी आई हैं। हालांकि, घटना के तुरंत बाद उनके मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) नहीं किए गए।'

महिला पत्रकार से एसीपी द्वारा छेड़छाड़ के खिलाफ जेन-जेड ने थाने के बाहर दिया था धरना

सीईसी ज्ञानेश के खिलाफ जंतर-मंतर में प्रदर्शन के दौरान हुई थी पत्रकार से बदसलूकी



सोमवार को किया गया था गिरफ्तार

यह आदेश सोमवार रात ड्यूटी ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अनिमेष कुमार ने तब दिया जब 17 लोगों को उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वे दिन में पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी एसीपी विवेक भगत के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे, जिस पर आरोप था कि उसने एसआईआर विवाद पर उस विरोध प्रदर्शन के दौरान एक महिला पत्रकार के साथ छेड़छाड़ की थी।

पुलिस पर हमला गंभीर चिंता का विषय

अपने आदेश में कोर्ट ने कहा, 'यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि आरोपियों के खिलाफ आरोप गंभीर हैं। आईओ द्वारा पेश किए गए मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर चोटें आई हैं।' कोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को शांति से विरोध करने का अधिकार है, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर हमला करना गंभीर चिंता का विषय है, जिसकी शांतिपूर्ण विरोध की आड़ में इजाजत नहीं दी जा सकती।

दिल्ली पुलिस से मांगी रिपोर्ट

कोर्ट ने आगे कहा, 'चूंकि आरोपी धर्मेंद्र और समर्थ ने हिरासत में टॉर्चर के आरोप लगाए हैं, इसलिए इस बारे में डीसीपी नई दिल्ली से रिपोर्ट मांगी जाए। पीएस पार्लियामेंट स्ट्रीट का संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी संभाल कर रखा जाए।' पार्लियामेंट स्ट्रीट पुलिस स्टेशन ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है।

विवादित एसीपी को एडिशनल-डीसीपी का चार्ज देने पर रोक



सारा विवाद जिस एसीपी विवेक भगत को लेकर है। उसे दिल्ली सरकार ने सोमवार को ही एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस का चार्ज दिया था। मंगलवार को उस आदेश में बदलाव करते हुए चार्ज देने पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के मुताबिक, विवेक भगत ने खुद कहा है कि महिला पत्रकारों से कथित बदसलूकी के मामले की पूरी जांच होने और उसके संतोषजनक तरीके से पूरा होने तक वह यह चार्ज नहीं लेना चाहते। इसके बाद सरकार ने उनके मामले में 5 अक्टूबर को जारी आदेश को बदलने का फैसला किया।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद

क्या दलबदल का पाप करने वालों को मिल सकता है पार्टी का निशान?

शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मौखिक रूप से सवाल किया कि क्या दलबदल के 'सांविधानिक पाप' के आरोपी लोगों पर भी पार्टी के चुनाव चिह्न से जुड़ी भावना लागू होनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह सवाल उस समय किया जब वह इस मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी कि क्या निर्वाचन आयोग ने शिवसेना के चुनाव चिह्न का आवंटन करते समय मुख्य रूप से विधायी संख्या बल पर भरोसा करके सही तरीका अपनाया था।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई हुई। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की बेंच एकनाथ शिंदे गुट को धनुष-बाण निशान देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस बागची ने पूछा, 'क्या चुनाव चिह्न की भावना उन लोगों के लिए लागू होगी, जिन्होंने संवैधानिक पाप किया है? या उन लोगों के लिए, जिन्होंने संवैधानिक पाप की शिकायत की है?'

- **सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से पूछा सवाल**

सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी पूछा था कि क्या चुनाव आयोग दोनों गुटों को आरक्षित धनुष-बाण निशान देने से इंकार कर सकता था। कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि जिन विधायकों की सदस्यता पर अयोग्यता की कार्यवाही चल रही हो, उनकी संख्या को बहुमत का सुरक्षित आधार माना जा सकता है या नहीं? सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। मामले पर बुधवार को भी सुनवाई जारी रहेगी।

उद्धव गुट की है याचिका

मुख्य याचिका उद्धव ठाकरे गुट के सुनील प्रभु ने दायर की है। इसमें महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर के 10 जनवरी 2024 के फैसले को चुनौती दी गई है। स्पीकर ने दसवीं अनुसूची के तहत शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने से इंकार किया था। उद्धव की ओर से दायर एक याचिका में चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें शिंदे गुट को आधिकारिक शिवसेना माना गया था। इसी फैसले के तहत शिंदे गुट को पार्टी का धनुष-बाण चुनाव चिह्न भी दिया गया था।

शिंदे गुट की दलील

मंगलवार को शिंदे गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने दलीलें रखीं। कौल ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए निर्वाचन आयोग के विधायी बहुमत के आधार पर फैसला करने का बचाव किया। उन्होंने कहा कि यह परीक्षण राजनीतिक दल की पहचान तय करने के लिए कानूनी रूप से वैध और प्रासंगिक बना हुआ है। यह निर्धारण चुनाव चिह्न आदेश के तहत किया जा सकता है।

लोकसभा के आंकड़ों का दिया हवाला

कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 40 विधायक, 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जीतने वाले शिवसेना के 55 विधायकों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 76% प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने लोकसभा के आंकड़ों का भी हवाला दिया। कौल ने कहा कि शिंदे का समर्थन करने वाले 13 सांसद, पार्टी के जीतने वाले 18 सांसदों के पक्ष में पड़े कुल वोटों का 73% प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ अयोग्यता की कार्यवाही लंबित होने से चुनाव आयोग को पैराग्राफ 15 के तहत पार्टी के चुनाव चिह्न विवाद पर फैसला लेने से नहीं रोका जा सकता। कौल ने यह भी कहा कि 2019 की महाराष्ट्र विधानसभा भंग हो चुकी है। 2024 के चुनाव के बाद नया सदन बन चुका है।



मदुरंतकम सबसे आगे, रेजीनगर नंदीग्राम में भी बंपर वोटिंग

नई दिल्ली। देश की पांच विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा सीट पर मंगलवार को उपचुनाव के लिए मतदान हुआ।

- **उपचुनाव में वोटरों ने दिखाया दम, 5 सीटों पर 80% से ज्यादा मतदान**

पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर, तमिलनाडु की मदुरंतकम और धारापुरम तथा पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर वोटरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सबसे ज्यादा मतदान तमिलनाडु की मदुरंतकम विधानसभा सीट पर हुआ। यहां 86.26 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम सीट का नंबर रहा, जहां 80.89 फीसदी मतदान हुआ।

किस सीट पर कितना मतदान?

पांचों विधानसभा सीटों में सबसे ज्यादा वोटिंग मदुरंतकम में हुई। यहां मतदान का अनुमानित ट्रेंड 86.26 फीसदी रहा. नंदीग्राम में 80.89 फीसदी वोट पड़े, जबकि थट्टांचवाडी में 80.81 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। वहीं धारापुरम में 80.30 फीसदी और रेजीनगर में 80.07 फीसदी मतदान हुआ। यानी सभी पांच विधानसभा सीटों पर मतदान का आंकड़ा 80 फीसदी के पार रहा। इन पांच विधानसभा सीटों के साथ असम की नगांव लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव हुआ।

होर्मुज में कमर्शियल जहाज पर हमला, 11 भारतीय घायल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओमान के तट के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे पनामा के झंडे वाले एक कमर्शियल जहाज एमटी ऑन पीस पर मंगलवार को प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ। इस हमले में जहाज पर सवार 12 क्रू मेंबर घायल हुए, जिनमें 11 भारतीय मूल के हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस जहाज पर कुल 19 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें से 17 भारतीय नागरिक हैं। हमले के बाद ओमान के अधिकारियों और तटरक्षक बलों की सहायता से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घायल क्रू मेंबर्स को जहाज से सुरक्षित बाहर निकालकर इलाज के लिए ओमान के खासाब शहर में भर्ती कराया गया है।

भारत ने की हमले की निंदा

भारत ने कमर्शियल जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। एमईए ने कहा कि कमर्शियल जहाजों, नाविकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। भारत ने क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए ऐसे हमलों को तुरंत रोकने की अपील की है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से नौवहन और व्यापार को जल्द से जल्द सामान्य करने की भी मांग की है।

इससे पहले भी हुआ था हमला

इससे पहले, ओमान के पूर्वी तट के पास भारत आ रहे कमर्शियल जहाज एमवी कोपे डाओ पर 23 सितंबर को हमला हुआ था, जिसमें एक भारतीय नाविक की मौत हो गई, जबकि जहाज पर सवार 19 अन्य भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया। भारतीय दूतावास ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया था कि वह ओमानी अधिकारियों के संपर्क में है और सभी भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिए समन्वय कर रहा है।

न सिम, न टावर, चीन की मदद से कश्मीर में पाकिस्तान कर रहा खेला

खास बातें

- भारतीय सेना से बचने के लिए लोरा टेक्नोलॉजी का सहारा ले रहे आतंकी
- सेना के लिए ट्रैक करना हुआ मुश्किल



एजेंसी ▶▶| श्रीनगर

बीते 29 सितंबर को बडगाम एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा फौजी मारा गया। सुरक्षा बलों को उसके पास एक ब्लैक डिवाइस मिली। इस पर लोरा अल्ट्रा लिखा था। आतंकियों के बाद एडवांस्ड ऑफ-ग्रिड हैंडसेट की बरामदगी से सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए। इससे पहले ऑपरेशन महादेव में भी आतंकियों के पास से कई एन्क्रिप्टेड लोरा सेट और बिना सिम वाले बर्नर फोन मिले थे। इस मशीन की खासियत है कि यह सिम के बिना ही ऑपरेट होता है और इसके मैसेज को ट्रैक करना मुश्किल है। फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक, यह चीन की टेक्नॉलजी है, जिस पाकिस्तान में बनाया जा रहा है।

एडवांस्ड वॉकी-टॉकी लोरा की खासियत

आतंकियों के खिलाफ अभियान में भारतीय सुरक्षा बलों को उनकी वॉकी-टॉकी और मोबाइल फोन की लोकेशन से मदद मिलती थी। भारतीय सेना की निगाह से बचने के लिए पाकिस्तान आतंकियों को एडवांस्ड वॉकी-टॉकी देकर बॉर्डर पार भेज रहा है। लॉन्ग रेंज, लो पावर (लोरा) टेक्नोलॉजी वाले इस हैंडसेट के लिए न तो सिम की जरूरत है, न ही टावर या वाई-फाई की। पहले आतंकी मोबाइल फोन के जरिए डिजिटल प्रिंट छोड़ते थे। अब लोकेशन ट्रेस करना नामुमकिन है। स्पेक्ट्रम स्कैनर और जैमर से इसे पकड़ नहीं पाता है। इस कम पावर वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल कर जंगल में 10-15 किलोमीटर तक टेक्स्ट मैसेज, लाइव जीपीएस कोऑर्डिनेट्स और इमरजेंसी अलर्ट भेजना आसान है। आतंकी इसके जरिये ही पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं से बात करते हैं। लोरा आम वॉकी-टॉकी नहीं हैं।

चीन कर रहा मदद

नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (एनटीआरओ) की फॉरेंसिक जांच आतंकियों के नए मॉड्यूल के बारे पता चला। सूत्रों के अनुसार, वॉकी-टॉकी जैसी यह डिवाइस स्थानीय स्तर पर असेंबल नहीं किए जाते हैं। ये पहले से बनकर आते हैं ताकि सीमा पार बैठे हैंडलर्स से सीधे जुड़ सकें। यह चीन की तकनीक है, जिसे पाकिस्तान आतंकियों को दे रहा है। सुरक्षा बल भी इस साइलेंट डिवाइस की काट ढूंढ रहे हैं। दक्षिण कश्मीर के जंगलों में लो फ्रीक्वेंसी रेडियो पर सुरक्षा बलों की नजर टिकी है।

नाइजीरिया में दर्दनाक हादसा

सैन्य विमान क्रैश, 7 क्रू मेंबर सहित सभी 25 यात्रियों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| अबूजा

नाइजीरिया में सोमवार को एक बड़ा विमान हादसा हो गया। 25 यात्रियों और सात चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रहा सैन्य विमान देश के दक्षिण-पश्चिमी ओंडो राज्य में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 32 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरिया के विमानन मंत्री फेस्टस कीयामो ने बताया कि यह एयर फोर्स का एटीआर-42 विमान था।

विमान बेनिन सिटी से लागोस के लिए एक नियमित मिशन पर उड़ान भर रहा था। उड़ान के दौरान सोमवार सुबह करीब 8:13 जीएमटी (लोकल टाइम) पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल का विमान से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने विमान से दोबारा संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद विमान के लापता होने की सूचना दी गई। बाद में खोज और बचाव टीमों ने ओंडो राज्य के तटीय शहर इग्बोकोडा के पास विमान का मलबा खोज लिया।



हाल के वर्षों का सबसे भीषण हादसा

यह दुर्घटना नाइजीरिया में हाल के वर्षों में हुए सबसे घातक विमान हादसों में से एक बताई जा रही है। हादसे के बाद बचाव और खोज अभियान चलाया गया, लेकिन राष्ट्रपति के बयान के अनुसार विमान में सवार कोई भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा। विमान के एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क टूटने और दुर्घटना के बीच की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि विस्तृत जांच के बाद हादसे की सही वजह सामने आ सकेगी।

अमेरिका में 65 साल में पहला ऐसा मामला

सैनिक को गोली मारकर दी जाएगी मौत की सजा

एजेंसी ▶▶| टेक्सास

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व अमेरिकी सैनिक निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने का आदेश दिया है। पेंटागन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अगर हसन की सजा लागू होती है तो वह 1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए बेनेट को मौत की सजा दी गई थी। हसन ने 5 नवंबर 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई थी।



जिहाद के लिए किया था हमला

5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी। यह अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुई सबसे घातक सामूहिक गोलीबारी थी। उस समय अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में युद्ध लड़ रहा था। हसन ने बाद में कहा कि वह इन युद्धों को गैरकानूनी और अनैतिक मानता था और जिहाद के लिए हमला किया था।

अमेरिकी संसद में स्मित के सम्मान में प्रस्ताव पेश



वाशिंगटन। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई फ्लाइट में हुई घटना को लेकर यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने भारतीय फ्लाईदुबई पायलट स्मिक मच्छर के सम्मान में एक प्रस्ताव पास किया है। जोश गॉटहाइमर, डॉन बेकन और माइकल मैककॉल ने कैप्टन स्मित मच्छर और फ्लाईदुबई फ्लाइट 1073 के क्रू और यात्रियों का सम्मान करने और उस फ्लाइट पर हुए आतंकवादी हमले की कोशिश की निंदा करने के लिए यह प्रस्ताव पेश किया था।

चरमपंथियों ने चार सीमा शुल्क अधिकारियों की हत्या

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मंगलवार को चरमपंथियों ने सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम चार अधिकारियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह हमला तब हुआ जब सीमाशुल्क विभाग के अधिकारी दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से सटे डेरा इस्माइल खान जिले में ड्यूटी पर थे। चरमपंथियों ने अधिकारियों पर हमला किया जिसमें चार अधिकारियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हमले में मारे गए अधिकारियों के शवों को अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया।

सरकार ने मंजूरी दी, दायरा 41 प्रतिशत बढ़ा

वीबीजीरामजी से 375 तरह के होंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने नए ग्रामीण रोजगार ढांचे के तहत 375 तरह के कार्यों को अधिसूचित किया है। इसमें आजीविका से जुड़े बुनियादी ढांचे, जल सुरक्षा और आपदा की तैयारी पर अधिक जोर दिया गया है। इसके साथ ही पिछले योजना ढांचे की तुलना में अनुमत कामों की सूची में 41 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन' (वीबी-जी राम जी) ग्रामीण अधिनियम, 2025 के तहत कामों की नई सूची को चार श्रेणियों— जल सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्र का मूल बुनियादी ढांचा, आजीविका से जुड़ा बुनियादी ढांचा तथा अत्यधिक मौसम संबंधी घटनाओं और आपदा की तैयारी से जुड़े विशेष कामों में बांटा गया है। मंत्रालय के अनुसार, 375 कामों में से 128 काम जल सुरक्षा, 111 काम ग्रामीण क्षेत्र के मूल बुनियादी ढांचे, 98 काम आजीविका से जुड़े बुनियादी ढांचे और 38 काम आपदा की तैयारी से संबंधित हैं। विस्तारित सूची में जल संरक्षण एवं सिंचाई ढांचे, ग्रामीण स्वास्थ्य एवं सामुदायिक सुविधाएं, कृषि प्रसंस्करण इकाइयां, कोल्ड स्टोरेज बुनियादी ढांचा और बाढ़ से बचाव के काम शामिल हैं।

125 दिनों की रोजगार गारंटी

वीबी-जी राम जी अधिनियम इस साल एक जुलाई से लागू हुआ। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सालाना 125 दिनों का गारंटी रोजगार का प्रावधान है। इसमें अधिकतर राज्यों के लिए केंद्र एवं राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में वित्त पोषण का प्रावधान भी किया गया है। केंद्र राज्यवार मानक आवंटन तय करेगा और राज्यों को आवंटित राशि से अधिक होने वाले खर्च का वहन करना होगा।



पहली बार आपदा की तैयारी

मंत्रालय ने कहा कि पहली बार आपदा की तैयारी और अत्यधिक मौसम संबंधी घटनाओं के लिए एक अलग श्रेणी बनाई गई है। इसके तहत 38 काम शामिल हैं जिनमें बाढ़ राहत आश्रय, तटबंधों को मजबूत करना, बाढ़ से बचाव, आपदाओं के बाद ग्रामीण सड़कों के उपाय शामिल हैं।

कृषि से जुड़े 181 काम

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि 181 काम कृषि और उससे जुड़ी गतिविधियों से संबंधित हैं, जिनमें 52 व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए किए जाने वाले काम शामिल हैं। इसके अलावा 107 काम अंत्योदय एवं कमजोर परिवारों के लिए निर्धारित किए गए हैं, जिनमें 68 व्यक्तिगत लाभार्थी काम हैं। सूची में महिलाओं और युवाओं से जुड़े 36-36 काम भी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि काम स्थानीय जरूरतों के आधार पर विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से तय किए जाएंगे और ग्राम सभा से मंजूरी ली जाएगी। इनकी डिजिटल निगरानी विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण बुनियादी ढांचे के जरिये की जाएगी।

रायपुर
बुधवार 7 अक्टूबर 2026
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 78
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 34.8
न्यून. 24.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

अय्यर की कप्तानी पारी 42 गेंदों में जड़ी सेंचुरी



लखनऊ। भारत ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी पारी के दम पर वेस्ट इंडीज को पांच मैच की सीरीज के पहले टी20 में 8 विकेट से हराया। श्रेयस ने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक बनाया और 10 चौके व 6 छक्के लगाए। उन्होंने 42 गेंद में सेंचुरी के साथ हैरी ब्रूक की बराबरी की। श्रेयस फुल मेंबर टीमों में बतौर कप्तान टी20 इंटरनेशनल शतक बनाने में संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर हैं। श्रेयस ने तीसरे भारतीय कप्तान हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में शतक बनाया है। उनके अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने ऐसा किया। इससे पहले नमन धीर ने डेब्यू मैच में 3 विकेट लिए, जिससे विंडीज टीम 171 पर ढेर हो गई। उसकी तरफ से कप्तान होप ने 52 और शेरफेन रदरफॉर्ड ने 56 रन की पारी खेली। भारत के पास अब 1-0 की बढ़त है।

हाई-एनर्जी न्यूट्रिनो की खोज के लिए फ्रांसिस को नोबेल

फ्रांसिस हैल्जेन को खगोल-भौतिकीय घटना से उत्पन्न उच्च-ऊर्जा वाले 'न्यूट्रिनो' की खोज और आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला में योगदान के लिए साल 2026 के भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित करने की मंगलवार को घोषणा की गई। भौतिकी के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष मार्क पीयर्स ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, फ्रांसिस हैल्जेन ने शोधकर्ताओं और इंजीनियर की उस अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया, जिसने हमें एक शानदार उपकरण दिया। उनकी लगन और वैज्ञानिक दूरदृष्टि ने एक नये तरह के खगोल विज्ञान का मार्ग प्रशस्त किया है।



एजेंसी ▶▶| स्टॉकहोम

हैल्जेन ने मंगलवार को इटली से नोबेल समिति से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक बहुत बड़ा 'सरप्राइज' है और जाहिर है मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि पहले ही यह अनुमान जताया गया था कि उन्हें नोबेल पुरस्कार मिलेगा, लेकिन फिर भी इसकी घोषणा से उन्हें बेहतरीन अहसास हुआ।

खास खबर

बेल्जियम में

▶▶शेष पेज 7 पर

साल 2026 के भौतिकी नोबेल पुरस्कार का ऐलान

फोन पर मिली पुरस्कार की खबर

82 वर्षीय फ्रांसिस हाल्जेन ने मंगलवार को इटली से फोन पर नोबेल समिति से बात की। उन्होंने पुरस्कार मिलने पर कहा कि यह उनके लिए बड़ा सरप्राइज था और उन्हें इसकी उम्मीद नहीं थी। हाल्जेन अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन से जुड़े हुए हैं।

दक्षिणी ध्रुव पर स्थित है आइसक्यूब वेधशाला

आइसक्यूब न्यूट्रिनो ऑब्जर्वेटरी अंटार्कटिका के दक्षिणी ध्रुव पर स्थित एक विशाल वैज्ञानिक शोध केंद्र है। यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन-मैडिसन इस परियोजना की प्रमुख संस्था है। हाल्जेन का दक्षिणी ध्रुव पर न्यूट्रिनो पकड़ने से जुड़ा शोध 1980 के दशक से जारी है।

न्यूट्रिनो से ब्रह्मांड को समझने में मिली नई दिशा

न्यूट्रिनो बेहद हल्के और विद्युत रूप से उदासीन उपपरमाणिक कण होते हैं, जो पदार्थ के साथ बहुत कम संपर्क करते हैं। अंतरिक्ष से आने वाले उच्च-ऊर्जा न्यूट्रिनो का अध्ययन वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड की अत्यधिक ऊर्जावान घटनाओं और उनके स्रोतों को समझने में मदद करता है।

नई तरह की खगोल विज्ञान की राह खोली

नोबेल समिति के अनुसार, हाल्जेन ने शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया, जिसने आइसक्यूब को एक अत्याधुनिक वैज्ञानिक उपकरण के रूप में विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। भौतिकी की नोबेल समिति के अध्यक्ष मार्क पियर्स ने कहा कि हाल्जेन की दृढ़ता और वैज्ञानिक दृष्टि ने खगोल विज्ञान की एक नई विधा के लिए रास्ता तैयार किया।

Ninh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

सुप्रीम कोर्ट के तीन नए न्यायाधीशों ने ली शपथ

नई दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत किए गए तीन नए न्यायाधीशों को मंगलवार को पद की शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में कार्यरत न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई, जो स्वीकृत 38 न्यायाधीशों की संख्या से एक कम है।



दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। उत्तराखंड के चमोली जिले में मंगलवार रात 4.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद दिल्ली और आस-पास के इलाकों में इसके झटके महसूस किये गए। भूकंप की गतिविधियों पर नजर रखने वाली सरकारी एजेंसी, राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र उत्तराखंड के चमोली में 13 किलोमीटर की गहराई में था।

चीतों का ठिकाना बनेगा वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य

भोपाल। मप्र में कुनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य के बाद अब चीतों को तीसरा ठिकाना वीरांगना दुर्गावती बाघ अभियारण्य में मिलेगा। मुख्यमंत्री मोहन यादव सात अक्टूबर को सागर जिले के वीरांगना दुर्गावती बाघ अभियारण्य में कुनो राष्ट्रीय उद्यान से लाए गए दो चीतों-नर चीता थोलो और मादा चीता सीसीबी-3 को छोड़ेंगे।



आतंकी अफजल के रिश्तेदार का अवैध मकान ढहाया

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में सरकारी जमीन पर संसद हमले के मामले में दोषी मोहम्मद अफजल गुरू के रिश्तेदारों द्वारा कथित रूप से बनाए गए अवैध शेड को अधिकारियों ने ढहा दिया। सोपोर इलाके के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बनाए गए इस शेड को राजस्व विभाग की टीम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान ध्वस्त किया। इस ढांचे का निर्माण सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए सरकारी जमीन पर किया गया था।

सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन की मौत

गुवाहाटी। असम के कामरूप महानगर जिले में कार के सड़क की रेलिंग से टकराने से एक महिला समेत एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान मोनिमा बेगम (40), रिबुल अली (17) और अमीरुद्दीन (40) के रूप में हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों की पहचान पुटुमाई बेगम (55), अनीसुर सुल्तान (10) और रुस्तम अली (50) के रूप में हुई है।

एसआईआर का विरोध और सीईसी के इस्तीफे की मांग को लेकर बवाल जारी

इंडिया गठबंधन का मार्च, जमकर हंगामा, 8 घंटे बाद हिरासत में राहुल-प्रियंका, 2 घंटे में रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंचने की कोशिश में आकाशवाणी भवन परिसर में प्रवेश कर गए और एक पेड़ के नीचे बैठ गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नेताओं और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 'वोट चोरी' करके देश को 'हाईजैक' किया है, जो 'देशद्रोह' है। उन्होंने यह भी कहा कि इनमें से कोई नहीं बचेगा और सबको कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा। विपक्षी दलों की मांग है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाया जाए और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रद्द किया जाए।

संसद भवन परिसर से निर्वाचन सदन की ओर मार्च निकालने वाले विपक्षी सांसदों को इससे पहले संसद मार्ग पर नीति आयोग भवन के निकट सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया। निर्वाचन सदन की तरफ बढ़ रहे सांसदों को जब पुलिस ने रोका तो वे संसद मार्ग पर ही धरने पर बैठ गए। इसके कुछ ही देर बाद राहुल गांधी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अभिषेक बनर्जी पुलिस के बैरिकेड पर चढ़ गए, जबकि प्रियंका गांधी को हिरासत में लेने के लिए एक बस में ले जाया गया।

एसआईआर के विरोध और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में विपक्षी पार्टियां सड़क उतरीं। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के सांसदों ने मंगलवार को संसद मार्ग से निर्वाचन आयोग मुख्यालय तक मार्च निकाला, हालांकि पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया और राहुल, प्रियंका समेत कई सांसदों तथा नेताओं को हिरासत में ले लिया। सभी को 2 घंटे बाद रिहा कर दिया।



लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है: राहुल

राहुल गांधी ने कहा, लोकतंत्र पूरी तरह खत्म हो चुका है, क्योंकि पूरा देश जानता है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार ने मिलकर चुनावी प्रक्रिया को बर्बाद कर दिया है। देश यह बात समझ चुका है। एक तरह से नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देश को हाईजैक कर लिया है और हम संविधान और लोकतंत्र को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। विपक्ष के 300 सांसद उस कथित तौर पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोग से मिलना चाहते हैं। हम बंगाल, हरियाणा, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को लेकर सवाल पूछना चाहते हैं। लेकिन वे जवाब नहीं देना चाहते। अगर उन्होंने वोटों की चोरी नहीं की होती, तो वे हमसे एक मिनट में मिलने के लिए तैयार हो जाते।

भारी सुरक्षा बल तैनात

मार्च से पहले संसद और निर्वाचन आयोग मुख्यालय के आसपास भारी सुरक्षा व्यवस्था और बैरिकेडिंग की गई थी। सांसदों के पहुंचने से काफी पहले ही इलाके में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी। विपक्षी सांसद संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्र हुए और वहां से निर्वाचन आयोग के मुख्यालय 'निर्वाचन सदन' की ओर रवाना हुए।

भाजपा बोली- राहुल को 'लॉन्च' करने का एक और प्रयास

भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सांसदों के मार्च की आलोचना करते हुए दावा किया कि यह कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा अराजकता पैदा करने तथा राहुल गांधी को फिर से 'लॉन्च' करने का एक और प्रयास था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'इंडिया' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मार्च के जरिये वे (घटक दल) संवैधानिक संस्थाओं पर बेबुनियाद आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने और अपनी चुनावी हार की भड़ास निकाल रहे हैं।

निर्वाचन आयोग ने कहा-किसी दल ने नहीं किया अनुरोध

निर्वाचन आयोग मुख्यालय के निकट मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य नेताओं के प्रदर्शन के बीच आयोग ने कहा कि उसे किसी राजनीतिक दल की ओर से बैठक के लिए कोई अनुरोध नहीं किया गया था। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से जब यह पूछा गया कि क्या राहुल गांधी समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने आयोग से मुलाकात का अनुरोध किया था, तो उन्होंने कहा कि मंगलवार को किसी भी राजनीतिक दल की ओर से बैठक के लिए कोई अनुरोध नहीं किया गया।

इधर, विवादों के बीच ज्ञानेश का छग प्रवास रद्द, आज आने वाले थे

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का 07 और 08 अक्टूबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरा स्थगित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग की एससीआर प्रक्रिया को लेकर उठे विवाद और उसकी गहमा-गहमी के कारण यह दौरा टला है।



छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, यह दौरा कुछ अपरिहार्य कारणों की वजह से रद्द किया गया है। इस दौरे के तहत मुख्य निर्वाचन आयुक्त और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का छत्तीसगढ़ प्रवास निर्धारित था, जिसके लिए राज्य अतिथि घोषित करने और आवश्यक प्रोटोकॉल के निर्देश जारी किए गए थे। बताया गया है कि प्रशासनिक अधिकारियों को इस स्थगन की सूचना दे दी गई है। निर्वाचन आयोग से संशोधित तिथियों की जानकारी प्राप्त होने के बाद इसकी सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री नायडू ने जताई उम्मीद

भारत में दो साल के भीतर उड़ेंगे स्वदेशी यात्री विमान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार ने भारत के पहले स्वदेशी यात्री हवाई जहाज को लेकर बहुत बड़ी बात कही है। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि आने वाले दो वर्षों में देश में बने स्वदेशी यात्री विमान उड़ान बनने लगेंगे। अभी भारतीय एयरलाइंस कंपनियों के करीब 1600 विमानों के ऑर्डर हैं। सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमानों को निर्माण ज्वॉइंट वेंचर में होगा। उन्होंने दिल्ली में इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट के सिंपोजियम में यह बातें कही हैं। राममोहन नायडू के अनुसार स्वदेशी यात्री विमान ज्वाइंट वेंचर में संभव होगा और उनका दावा कि देश में यह पूरा ईकोसिस्टम तेजी से बढ़ता जा रहा है।

■ इस समय देश में 164 एयरपोर्ट हैं और घरेलू एयरलाइंस

तेजी से बढ़ता भारत का घरेलू विमानन बाजार

नायडू ने कहा कि फिलहाल विमान विनिर्माता बोइंग तथा एअरबस भारत से करीब चार अरब डॉलर मूल्य के कलपुर्जे एवं सेवाएं लेते हैं। दशक के अंत तक यह राशि बढ़कर 10 अरब डॉलर होने की उम्मीद है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते घरेलू नागर विमानन बाजारों में से एक है। राष्ट्रीय राजधानी में 'इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट' (आईएफक्यूएम) की संगोष्ठी में नायडू ने यह भी कहा कि सरकार देश में विमान इंजन बनाने की संभावना पर भी विचार करेगी लेकिन यह एक लंबी प्रक्रिया होगी।

देश में 100 से ज्यादा नए एयरपोर्ट बनेंगे

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक आने वाले 10 वर्षों में 100 से ज्यादा नए एयरपोर्ट बनने की संभावना है। इस समय देश में 164 एयरपोर्ट हैं और घरेलू एयरलाइंस कंपनियों के पास करीब 850 विमानों का बेड़ा है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार इस समय बोइंग और एयरबस जैसी एयरक्राफ्ट बनाने वाले कंपनियां अपने कंपोनेंट और सर्विस भारत भेजती हैं, जिसकी कीमत करीब 4 बिलियन डॉलर है। इस दशक में यह रकम बढ़कर 10 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक

लघु एवं मझोले उद्यमों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सरकार ने लघु एवं मझोले उद्यमों में प्रत्यक्ष इक्विटी निवेश के इरादे से 10,000 करोड़ का एसएमई वृद्धि कोष स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इसका मकसद भविष्य के दिग्गज उद्यम तैयार करने में मदद करना है।



क्या होगा फायदा?

वैष्णव ने कहा कि इस कोष का अधिकांश हिस्सा विनिर्माण क्षेत्र के एसएमई में जाएगा। दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों सहित औद्योगिक संकुलों में निवेश से संतुलित क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को समर्थन मिलेगा।

निवेशकों ने कमाए तीन लाख करोड़

नई दिल्ली। शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी नजर आई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान शेयर बाजार में निवेश करने वालों ने 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का मुनाफा कमाया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 685 अंक की बढ़त लेकर बंद हुआ, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 220 अंकों की उछाल के साथ बंद हुआ। कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने से बाजार में तेजी का माहौल बना। शेयर बाजार में आई इस तेजी के चलते निवेशकों की जोरदार कमाई हुई।

एनएच 43 पर झरगवां में हादसा

ट्रैक्टर ट्राला से टकराकर बाइक सवार दो दोस्तों की गई जान

सेदम। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर एक बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन लोगों की मौत का कारण बन रहे है। एक बार फिर से एनएच किनारे खड़े ट्रैक्टर ट्राला के टकराकर बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है।

एक युवक गंभीर

गंभीर रूप से घायल राज मोहन को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मंगलवार को मामले में पुलिस दवारा मर्ग कायम कर शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

गुजरात में बड़ा हादसा

खड़े ट्रेलर से टकराई एसयूवी, सात की मौत

भावनगर। गुजरात के भावनगर जिले में मंगलवार को एक एसयूवी के सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक से टकराने के बाद सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने बताया कि मृतक भावनगर से अलंग जा रहे थे, जहां वह एक 'शिपयार्ड' में काम करते थे। पुलिस के अनुसार, जिले के तलाजा तालुका में त्रापज गांव के पास भावनगर-सोमनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर सुबह करीब 10 बजे यह हादसा हुआ।

अलग-अलग जगहों पर पड़े मिले शव

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेलर आगे की ओर खिसक गया और शव राजमार्ग पर अलग-अलग जगहों पर पड़े मिले। हादसे में एसयूवी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

वृंदावन के कुछ संतों ने किया दावा, जताई गंभीर चिंता

15 आश्रमों पर माफियाराज, प्रेमानंद की जान को खतरा

एजेंसी ▶▶| वृंदावन

प्रेमानंद महाराज के शिष्य दीपक लोधी उर्फ रसिक शरण दुलारी की मौत को 15 दिन हो चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक उनकी मौत के रहस्य को सुलझा नहीं पाई है। हालांकि पिछले दो हफ्तों से वृंदावन में काफी उथल-पुथल मची है। पहले कुछ परिवारों ने अपने परिजनों की गमुशुदगी का मुद्दा उठाते हुए केलि कुंज आश्रम के बाहर हंगामा किया। अब श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष और हिंदूवादी ▶▶शेष पेज 7 पर

नकली संत कर रहे फर्जीवाड़ा

मथुरा की साध्वी इंदुलेखा और महामंडलेश्वर राधानंद गिरि ने भी कुछ ऐसे ही दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि वृंदावन में कुछ असामाजिक तत्व संत प्रेमानंद की छवि बिगाड़ रहे हैं। प्रेमानंद महाराज की आड़ में ये लोग अवैध जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। इन लोगों के आतंक से लोग बहुत परेशान हैं। इन घुसपैठियों की वजह से सच्चे संत की छवि बिगड़ रही है।



ऐसे बढ़ा विवाद

25 सितंबर को प्रेमानंद महाराज के शिष्य रसिक दुलारी शरण ने वृंदावन स्थित गुरु कृपा कुंज की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद दीपक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उनका प्राइवेट पार्ट कटा हुआ था और बहुत ज्यादा ब्लीडिंग से उनकी मौत हुई है।

संत प्रेमानंद के शिष्य का आया नया वीडियो

वृंदावन में संत प्रेमानंद के शिष्य रसिक दुलारी शरण का सुसाइड से पहले का चौथा वीडियो सामने आया है। इसमें वे कमरे से निकलकर सीढ़ियों की तरफ जाते दिख रहे हैं। उन्होंने सफेद रंग का हाफ कुर्ता और पीले रंग की धोती पहन रखी है। 25 साल के रसिक दुलारी लड़खड़ाते और धोती को ठीक करते हुए गैलरी की तरफ धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। देखने से ऐसा लग रहा है कि जैसे उनके पैर या शरीर में कहीं चोट लगी है।

दिन में बस्ती के समीप पहुंचे हाथी, फसलों को पहुंचाया नुकसान, मार्ग करना पड़ा बंद

जिले के उदयपुर क्षेत्र में 26 हाथियों की मौजूदगी से दहशत का माहौल है। हाथी अलग अलग विभक्त होकर क्षेत्र के जंगलों और बस्तियों में विचरण कर रहे है। इस बीच सुबह में शौच के लिए निकले ग्रामीण का हाथी से सामना हो गया। हाथी के हमले में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जारी है। वन विभाग द्वारा लोगों को जंगल की ओर नहीं जाने और हाथियों से छेड़खानी नहीं करने का आह्वान किया जा रहा है।

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर क्षेत्र में 26 हाथियों का दल सक्रिय है। हाथी उदयपुर के कर्मकठरा जंगल के साथ ही आस पास के क्षेत्रों में विचरण कर रहे है। बड़ी बात यह है कि 26 हाथी 5 अलग अलग दलों में विभक्त हो गए है। इनमें से कुछ दंतैल अकेले ही बस्तियों और जंगल में विचरण कर रहे है जबकि कुछ जंगल में मौजूद है।

हाथी दिन के समय भी जंगल से निकलकर खेतों में धान की फसल खाने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। वर्तमान में उदयपुर क्षेत्र के अल्कापुरी, लक्ष्मणगढ़, महेशपुर, मानपुर जजगी, महेशपुर, फूनगी , कई जगह एक साथ निकल रहे है। हाथियों के एक साथ अलग अलग जगहों पर निकलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

उदयपुर में अलग अलग दलों में बंटे 26 हाथी, एक ग्रामीण हमले में घायल





आक्रामक हुआ दल

पिछले दिनों ग्रामीण द्वारा लगाए गए हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक शावक की मौत के बाद हाथियों का दल काफी आक्रामक हो गया है। यदि हाथियों से किसी का सामना हुआ तो उसका बचना मुश्किल होगा। इसी बीच सुबह में हाथी के हमले में ग्रामीण के घायल होने के बाद वन विभाग में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सुबह 7 बजे से ही मतरिंगा रोड से जुड़े मार्ग जजगी चौक, उपका, मानपुर फूनगी, लक्ष्मणगढ़,महेशपुर के चौक चौराहों पर वन विभाग बैरिकेटिंग लगाकर निगरानी कर रही है। मार्ग बंद होने से आवागमन अवरुद्ध हो गया।

खबर संक्षेप



महिलाओं से 71 लाख की ठगी, महिला गिरफ्तार

रायगढ़। शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच देकर ग्रामीण महिलाओं से 70 लाख 77 हजार 901 रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। रायगढ़ पुलिस की साइबर थाना टीम ने मामले में सक्ती जिले से एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में गिरफ्तार महिला के पति और उसकी मां की भूमिका भी सामने आई है, जबकि दोनों की गिरफ्तारी अभी बाकी है। जानकारी के अनुसार ग्राम जतरी की रहने वाली मेनका सारथी शादी के बाद ग्राम बरतुंगा, जिला सक्ती में रहती थी। मायके आने के दौरान वह गांव की महिलाओं से शेयर मार्केट में निवेश से अच्छा मुनाफा मिलने की बात कहती थी। उसने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उसके बताए तरीके से पैसा लगाने पर कम समय में रकम दोगुनी हो जाएगी। यहां तक कहा गया कि यदि रकम दोगुनी नहीं हुई तो वह और उसका पति अपनी गारंटी पर पैसा लौटाएंगे। इस भरोसे में आकर कई महिलाओं ने नगद और ऑनलाइन माध्यम से उसे रकम देना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार अप्रैल से अक्टूबर 2025 के बीच अलग-अलग महिलाओं से लाखों रुपये लिए गए।

दिया पांच दिन का अल्टीमेटम, पेमेंट का भी जिक्र

माइंस में आगजनी, 3 मशीनें जलकर खाक, पर्चे में लिखा 'लाल सलाम जिंदाबाद'

मौके पर मिले कथित धमकी भरे पर्चे



चेमल स्थित पुष्प स्टील माइंस में सोमवार देर रात हुई आगजनी की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। माइंस में रास्ता बनाने के काम में लगी तीन चैन माउंटेन मशीनों को अज्ञात लोगों ने आग के हवाले कर दिया। इतना ही नहीं, घटनास्थल पर दो कथित धमकी भरे पर्चे भी छोड़े गए, जिनमें माइंस को बार-बार बंद नहीं करने की चेतावनी के साथ पांच दिन का अल्टीमेटम दिए जाने की बात सामने आई है। एक अन्य पर्चे में पेमेंट और लाल सलाम जिंदाबाद जैसे शब्द लिखे होने की जानकारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जानकारी के अनुसार ग्राम चेमल में पुष्प स्टील कंपनी की खदान संचालित है। माइंस की ओर जाने के लिए रास्ता बनाने के कार्य में तीन चैन माउंटेन मशीनें लगाई गई थीं। सोमवार को काम समाप्त होने के बाद मशीनों को घटनास्थल पर खड़ाकर उनके ऑपरेटर अपने आवास चले गए थे। मंगलवार सुबह जब ऑपरेटर दोबारा काम पर पहुंचे तो तीनों मशीनें जली हुई अवस्था में मिलीं। इसके बाद उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी माइंस प्रबंधन को दी। आगजनी की जानकारी मिलते ही प्रबंधन में हड़कंप मच गया और मामले की जानकारी लोहत्तर पुलिस को दी गई। घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस को दो पर्चे भी मिले हैं। इनमें लाल स्याही से कथित तौर पर चेतावनी भरी बातें लिखी गई हैं।

घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी



पहले पर्चे में चेमल माइंस को सही-सलामत चलाने और माइंस को बार-बार बंद नहीं करने की बात लिखे होने की जानकारी सामने आई है। साथ ही पांच दिन के भीतर बात नहीं मानने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दिए जाना उल्लेखित है। दूसरे पर्चे में भी कथित रूप से चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि अगर हमारे बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो सोच लें। पर्चे में पेमेंट तथा लाल सलाम जिंदाबाद जैसे शब्दों का उल्लेख होने की जानकारी है। पुलिस ने दोनों पर्चों को जांच के दायरे में लेते हुए उनकी सामग्री और घटना से संभावित संबंधों की पड़ताल शुरू कर दी है।

आगजनी के बाद बढ़ी कर्मचारियों में चिंता

तीन भारी मशीनों में आग लगाए जाने और मौके पर कथित धमकी भरे पर्चे मिलने के बाद माइंस में काम करने वाले कर्मचारियों में चिंता का माहौल है। माइंस प्रबंधन ने भी घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। चेमल क्षेत्र में खनन गतिविधियों को लेकर पूर्व में विरोध की घटनाएं सामने आने की बात भी कही जा रही है। ऐसे में पुलिस आगजनी के पीछे संभावित कारणों को लेकर अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रही है।

सभी पहलुओं पर की जा रही जांच

लोहत्तर थाना प्रभारी रिषभ बाजपेयी ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा तीन मशीनों में आग लगाए जाने की जानकारी मिली है। घटनास्थल से दो पर्चे भी मिले हैं। माइंस अधिकारियों की सूचना के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पर्चों में लिखी बातों सहित घटना से जुड़े सभी पहलुओं को जांच में शामिल किया है।

एके 47, बीजीएल लांचर समेत अन्य हथियार जब्त

बारसूर जंगल से नक्सलियों के डंप हथियारों का जखीरा मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों का एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान बारसूर के जंगल से नक्सलियों द्वारा डंप किया गया हथियार व विस्फोटक का जखिरा बरामद किया है। यह बरामदगी बारसूर क्षेत्र के ग्राम मंगनार, बुरदूम, तोड़मा एवं कोहकाबेड़ा के जंगल से की गई है। बरामद सामग्री में एके 47 व इंसास रायफल के अलावा बीजीएल लॉन्चर, बड़ी संख्या में कारतूस, टिफिन बम, कूकर बम, डेटोनेटर से संबंधित सामग्री, वॉकी-टॉकी सेट और नक्सली वर्दी सहित अन्य सामग्री शामिल हैं।

एसपी दंतेवाड़ा चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि सरेंडर नक्सलियों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। 5 अक्टूबर को बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार, बुरदूम, तोड़मा एवं कोहकाबेड़ा के जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में संयुक्त टीम ने अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान 6 अक्टूबर की सुबह करीब 6.30 बजे पुलिस फोर्स को सफलता मिली। कोहकाबेड़ा एवं बुरदूम के बीच स्थित घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सर्चिंग कर रही संयुक्त टीम को नक्सलियों द्वारा जमीन के अंदर और जंगल में छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगा।

जारी है सर्चिंग अभियान-एसपी

एसपी चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस फोर्स काम कर रही है और लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाकर नक्सलियों के डंप को बरामद किया जा रहा है। आत्मसमर्पित नक्सलियों से मिली महत्वपूर्ण सूचनाओं को अभियान में शामिल करते हुए सुरक्षा बल संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। इसी कार्रवाई के दौरान बारसूर क्षेत्र में यह बड़ी बरामदगी हुई है।

बरामद हथियार में यह शामिल

संयुक्त सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के डंप से एके 47 व इंसास रायफल के अलावा बीजीएल लॉन्चर, 315 बोर बंदूक, आधा दर्जन भरमार बंदूक बरामद की है। इसके अलावा 9 नग बीजीएल सेल, एके 47 के 23 राउंड सहित मैग्जीन, पांच बीजीएल राउंड तथा एक इंसास मैग्जीन भी बरामद की गई है। जवानों को बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी मिली है। इसमें 2 टिफिन बम, 8 कुकर बम, 2 तीर बम तथा लगभग 20 मीटर कॉडेक्स वायर सहित अन्य उपकरण भी बरामद किए।

आरोप: पेट्रोल डालकर विवाहित महिला को जलाने की कोशिश

26 वर्षीय महिला आग में गंभीर रूप से झुलसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के नरोधी गांव से एक महिला को कथित तौर पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में 26 वर्षीय लीला पाली गंभीर रूप से झुलस गईं। पीड़िता ने अपने ससुर रूप सिंह पाली और सास कुंती पाली पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश करने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन नामजद आरोपियों के खिलाफ अब तक गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की गई है। गंभीर रूप से झुलसी लीला का उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि उनकी शारीरिक स्थिति अभी ठीक नहीं है।

पीड़िता का आरोप

शिकायत के बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। उन्होंने मामले को दबाने का प्रयास किए जाने की आशंका भी जताई है। पीड़िता ने पुलिस से नामजद आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने के साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद से वह मानसिक और शारीरिक परेशानी से गुजर रही हैं। वहीं आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।

बीमा निगम की भर्ती, कैट का आदेश एचसी से निरस्त

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्टाफ नर्स भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा निर्णय दिया है। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत की पीठ ने स्पष्ट किया कि चयन सूची में शामिल किसी अभ्यर्थी के कार्यभार नहीं संभालने पर सूची के अगले उम्मीदवार को अवसर नहीं देना पूरी तरह गलत है।

मंदिर में दान कराने का झांसा देकर 6 लाख के जेवर उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर के सिटी कोतवाली क्षेत्र में मंदिर में दान कराने का झांसा देकर ज्वेलर्स से करीब 4 तोला सोने के आभूषण लगभग 6 लाख रुपए के लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सराफा लाइन स्थित श्री शिव ज्वेलर्स में दो नकाबपोश व्यक्ति पहुंचे। आरोपियों ने सामने स्थित बजरंगबली मंदिर में दान करने की बात कही। उन्होंने ज्वेलर्स को विश्वास में लेकर पहले 21 हजार रुपए दान के नाम पर मंदिर ले जाने की बात कही और सोने से बांधने के नाम पर उसकी चेन व अंगूठी निकलवा ली। इसके बाद आरोपी वापस दुकान पहुंचे और दान के नाम पर ज्वेलर्स से अन्य सोने के आभूषण भी निकलवा लिए। आरोपी बुधवार शाम को वापस आने की बात कहकर करीब 4 तोला सोना लेकर फरार हो गए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।



मामले की जांच में जुटी कवर्धा पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस का कहना है कि फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।







रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style


तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।




हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।



अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'




फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, उंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।'राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख



नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। उम्मीद है कि यह 'किंग' फिल्म की सबसे बड़ी हाइलाइट्स में से एक होगी, और मेकर्स इसे यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।'

नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज...

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है।

टीवी मसाला

सारा और बिग बी के बीच हुई शेरो शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे। आप खुद भी कविता और शायरी में रुचि रखते हैं।



साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी



मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी। दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।'



इंडियनऑयल
CIN-L23201MH1959GOI011388

विपणन प्रभाग — पश्चिमी क्षेत्र

ट्रेड/तकनीशियन/स्नातक अप्रेंटिसो की नियुक्ति हेतु अधिसूचना अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के अंतर्गत IOCL (विपणन प्रभाग), पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय में ट्रेड/तकनीशियन/स्नातक अप्रेंटिसों की नियुक्ति

इंडियनऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक उपक्रमों में से एक तथा Fortune "Global 500" कंपनी, राष्ट्र के कौशल निर्माण की पहल के अंतर्गत महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित अपने विभिन्न प्रतिष्ठानों/स्थानों पर तकनीशियन, स्नातक एवं ट्रेड अप्रेंटिस (तकनीकी एवं गैर-तकनीकी) को नियुक्त करने का प्रस्ताव रखता है।

आयु, शैक्षणिक योग्यता, छूट, रियायत, आरक्षण आदि सहित विज्ञापन की विस्तृत जानकारी हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट पर उपलब्ध है: https://www.iocl.com/apprenticeships

आवेदन कैसे करें: निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवार संबंधित राज्य के लिए निर्धारित पोर्टल के माध्यम से **05.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे** से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: **04.11.2026 को सायं 17:00 बजे** तक।

इस संबंध में किसी भी आगामी अधिसूचना/संशोधन की जानकारी केवल हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी:https://www.iocl.com/apprenticeships

नोट: अप्रेंटिसों को नियमित रोजगार प्रदान करने के लिए कॉर्पोरेशन की कोई बाध्यता नहीं होगी। अप्रेंटिसशिप के आधार पर अप्रेंटिसों को किसी भी समय कॉर्पोरेशन में नियमित रोजगार का दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा। यह अप्रेंटिसशिप इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर अप्रेंटिस को किसी भी प्रकार की नौकरी प्रदान करने का कोई दायित्व नहीं डालती है।

विज्ञापन संख्या: IOCL/MKTG/WR/APPR/2026-27



चिंतन

प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी

दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के बाद सामने आए एक वीडियो ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। इसमें दिल्ली पुलिस के एसीपी को एक महिला के साथ कथित रूप से अनुचित व्यवहार करते हुए दिखाया गया। पुलिस की जांच में यह वीडियो वास्तविक सीसीटीवी फुटेज नहीं, बल्कि एआई तकनीक से तैयार किया गया फर्जी वीडियो निकला। इस मामले में हरियाणा के पलवल निवासी 24 वर्षीय नदीम अहमद को गिरफ्तार किया गया है। यह दिखाता है कि कुछ लोग फर्जी पत्रकार बनकर अपना एजेंडा चला रहे हैं और मीडिया को बदनाम कर रहे हैं। ऐसे में प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर को समझना जरूरी हो गया है। ऐसे प्रोपेगेंडाधारी आंदोलनों में पुलिस कर्मचारियों को उकसाते हैं। उनके सवालों और बयानबाजी से लगता है कि वे किसी एजेंडे के तहत ऐसा कर रहे हैं। एआई के जरिये वीडियो तैयार करते हैं और फिर इसे किसी विशेष दल द्वारा प्रसारित किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट की भी गाइडलाइन है कि एजेंडा आधारित पत्रकारिता न की जाए और जब भी मौके पर जाएं तो पत्रकार अपने आईडीकार्ड साथ लेकर जाएं। बता दें कि नदीम ने मदरसे से पढ़ाई की है और वह खुद को एक स्वतंत्र पत्रकार बताता है। उसने 10वीं तक पास नहीं की है। वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी तेज हो गए हैं। भाजपा नेता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी और कांग्रेस से जुड़े लोगों पर इस वीडियो को प्रसारित कर दिल्ली पुलिस के खिलाफ गलत नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वीडियो के फर्जी पाए जाने के बाद इसे साझा करने वालों को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण बात राजनीतिक दलों से भी आगे जाकर मीडिया की विश्वसनीयता की है। पत्रकारिता का पहला धर्म किसी दावे को इसलिए सच मान लेना नहीं है, क्योंकि वह वीडियो के रूप में सामने आया है। वीडियो प्रमाण का मजबूत माध्यम जरूर है, लेकिन एआई और डीपफेक तकनीक के दौर में केवल वीडियो का होना उसकी सत्यता की गारंटी नहीं रह गया है। हालांकि महिला पत्रकारों ने पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें की हैं और इन शिकायतों की जांच चल रही है। यही वह बिंदु है जहां प्रोपेगेंडा वीडियो और मीडिया में अंतर जरूरी हो जाता है। प्रोपेगेंडा का उद्देश्य किसी धारणा को मजबूत करना हो सकता है, जबकि पत्रकारिता का उद्देश्य तथ्य की पड़ताल करना है। प्रोपेगेंडा पहले निष्कर्ष तय करता है और उसके अनुकूल सामग्री तलाशता है। पत्रकारिता इसके उलट सवाल से शुरू होती है और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचती है। एआई युग में पत्रकारिता को गति से ज्यादा सत्यापन को महत्व देना होगा। स्रोत, मूल फुटेज, समय, स्थान, मेटाडाटा और स्वतंत्र प्रत्यक्ष प्रमाण इन सभी की पड़ताल जरूरी होगी। लोकतंत्र में पुलिस से सवाल भी होने चाहिए और मीडिया से सवाल भी। किसी महिला पत्रकार के आरोप की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और किसी पुलिस अधिकारी को फर्जी वीडियो के आधार पर दोषी भी नहीं ठहराया जाना चाहिए। दोनों प्रक्रियाओं के बीच यही संतुलन लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखेगा। आज आवश्यकता किसी एक पक्ष के नैरेटिव को आगे बढ़ाने की नहीं, बल्कि सच और प्रचार के बीच स्पष्ट रेखा खींचने की है। आने वाले समय में विश्वसनीय मीडिया वही होगा, जो सबसे पहले खबर देने की होड़ से ऊपर उठकर सबसे पहले सही खबर देने को प्राथमिकता देगा।



25 वर्ष की जनसेवा

सरोज पांडेय

राष्ट्रसेवा का एक अविराम संकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प-उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है। इन 25 वर्षों की सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यह है कि उन्होंने करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि भारत केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है। पच्चीस वर्षों की यह यात्रा हमें यह संदेश देती है कि सार्वजनिक जीवन में पद से बड़ा उद्देश्य होता है और राजनीति से बड़ी राष्ट्रनीति। यह केवल 25 वर्षों का पड़ाव नहीं, बल्कि उस संकल्प का उत्सव है, जिसमें भारत की प्रगति, गरीब का सम्मान और राष्ट्र का गौरव सर्वोपरि है। पच्चीस वर्ष किसी व्यक्ति के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव होते हैं, लेकिन जब ये पच्चीस वर्ष राष्ट्र और समाज की सेवा को समर्पित हों, तो उनका महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की यह यात्रा केवल एक राजनीतिक सफर नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, संकल्प, परिश्रम और राष्ट्र के प्रति समर्पण की ऐसी यात्रा है, जिसने भारतीय राजनीति और जनसेवा की कार्यशैली पर अपनी अलग छाप छोड़ी है। एक सामान्य परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में एक असाधारण यात्रा है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक राजनीतिक सफर नहीं, बल्कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की कहानी हैं। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक दायित्व तक पहुंचना अपने आप में प्रेरणादायी है। इन वर्षों में उन्होंने सत्ता को केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम मानने का संदेश दिया। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने का साहस हो या देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का संकल्प-उनकी कार्यशैली में राष्ट्र प्रथम की भावना दिखाई देती है। उन्होंने करोड़ों भारतीयों के मन में यह विश्वास जगाया कि भारत केवल संभावनाओं का देश नहीं, बल्कि अपनी क्षमता के बल पर विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है।

इस यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, चुनौतियां सामने आईं और कठिन निर्णयों की परिस्थितियां भी बनीं। लेकिन निरंतर काम करते रहने की प्रवृत्ति और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का भाव इस पूरे सफर की प्रमुख विशेषता रहा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन को समझने के लिए केवल उनके पदों को देखना पर्याप्त नहीं है। उनके राजनीतिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि उन्होंने संगठन और जनसंपर्क को अपनी कार्यशैली का आधार बनाया। देश के अलग-अलग हिस्सों में सामान्य नागरिकों से संवाद, उनकी समस्याओं को समझने का प्रयास और विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सोच उनके सार्वजनिक जीवन में लगातार दिखाई देती रही है। पिछले वर्षों में भारत ने अनेक क्षेत्रों में परिवर्तन का अनुभव किया है। बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से लेकर डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग तक, गरीब और वंचित वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं से लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रयासों तक-विकास की चर्चा अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रही। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों की आकांक्षाएं भी राष्ट्रीय विकास की चर्चा का हिस्सा बनी हैं। इन वर्षों में आत्मनिर्भर भारत का विचार भी व्यापक रूप से सामने आया। भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन,



नवाचार, तकनीक और वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाले देश के रूप में देखने की सोच मजबूत हुई। आज दुनिया में भारत की भूमिका पर होने वाली चर्चाओं में उसकी आर्थिक क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और युवा शक्ति का विशेष उल्लेख होता है। लेकिन किसी भी जननेता की वास्तविक परीक्षा केवल उपलब्धियों से नहीं होती। लोकतंत्र में जनता की अपेक्षाएं निरंतर बढ़ती रहती हैं। करोड़ों लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को साथ लेकर चलना अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए 25 वर्षों की यह यात्रा उपलब्धियों के साथ-साथ जिम्मेदारियों की भी यात्रा है। नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन की एक विशेष पहचान उनका संवाद का तरीका भी रहा है। उन्होंने देश के सामान्य नागरिक से सीधे संवाद को महत्व दिया। रेडियो, डिजिटल माध्यमों और सार्वजनिक कार्यक्रमों के जरिए उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ने का प्रयास किया। इस संवाद ने राजनीति और जनता के बीच की दूरी को कम करने की एक नई शैली को जन्म दिया।

महिलाओं की भूमिका, युवाओं की ऊर्जा, किसानों की मेहनत, गरीबों की गरिमा और देश के छोटे उद्यमियों की क्षमता को राष्ट्रीय विकास से जोड़ना आज के भारत की चर्चा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह बदलाव केवल योजनाओं या नीतियों का विषय नहीं है; इसके पीछे देश के नागरिकों की बदलती आकांक्षाएं भी हैं। एक बात स्पष्ट दिखाई देती है कि सार्वजनिक जीवन लंबी दौड़ है। इसमें केवल चुनाव जीतना ही पर्याप्त नहीं होता। जनता का विश्वास बनाए रखना, लगातार काम करते रहना और बदलते समय के साथ देश की आवश्यकताओं को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी की राजनीतिक यात्रा का सबसे बड़ा संदेश शायद यही है कि राजनीति को यदि जनसेवा का माध्यम माना जाए तो पद साधन बन जाता है और उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण। उनके समर्थक उनकी इसी कार्यशैली को उनकी सबसे बड़ी शक्ति मानते हैं। पच्चीस वर्ष की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्रनिर्माण किसी एक दिन या एक सरकार का कार्य नहीं होता। यह करोड़ों नागरिकों के परिश्रम, विश्वास और सहभागिता से निर्मित होने वाली सतत प्रक्रिया है। जननेता उस प्रक्रिया को दिशा दे सकता है, लेकिन उसकी सफलता अंततः जनता की भागीदारी से ही संभव होती है। यह आने वाले वर्षों के लिए नए संकल्प लेने का भी अवसर है।

भारत आज जिस आत्मविश्वास के साथ विश्व के सामने खड़ा है, उसके सामने नई चुनौतियां भी हैं और नई संभावनाएं भी। एक जनसेवक के लिए इससे बड़ी उपलब्धि क्या हो सकती है कि उसके जीवन का एक बड़ा हिस्सा देश के नाम समर्पित हो जाए और उसके कार्यों के केंद्र में भारत की जनता बनी रहे। यह यात्रा उस भारत की ओर बढ़ती रहे, जहां विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हर नागरिक को सम्मान मिले और आने वाली पीढ़ियां एक सशक्त, आत्मनिर्भर और गौरवशाली भारत का निर्माण करें। यही पच्चीस वर्षों की जनसेवा का सबसे सुंदर अर्थ है, व्यक्ति से बड़ा राष्ट्र, पद से बड़ा दायित्व और राजनीति से बड़ा जनसेवा का संकल्प। कुछ यात्राएं केवल समय के साथ पूरी नहीं होतीं, वे इतिहास के पन्नों पर अपनी छाप छोड़ जाती हैं। इन 25 वर्षों में एक कार्यकर्ता से देश के प्रधानमंत्री तक का सफर तय करने वाले नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। इन वर्षों को केवल राजनीतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उस विश्वास से भी मापा जाना चाहिए जो करोड़ों भारतीयों ने उनके नेतृत्व में देश के भविष्य को लेकर महसूस किया है। राष्ट्रसेवा की यह यात्रा यूं ही निरंतर आगे बढ़ती रहे-यही शुभकामना है।

(लेखिका भाजपा की पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सियासत

राज कुमार सिन्हा




चुनाव आयोग पर सवालों से विपक्ष को संजीवनी

दिल्ली के जंतर-मंतर और मुंबई समेत देश के अलग-अलग हिस्सों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी बीच कल सुप्रीम कोर्ट में ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त पद से हटाने और अंतरिम रूप से सस्पेंड करने और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कथित एकतरफा फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अहम सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ किया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के दौरान मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई का यह टिप्पणी, इसलिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को दावा किया था कि एसआईआर प्रक्रिया के लिए मदताओं का नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है। मामला दाखिल याचिकाओं के बाद सामने आया, जिनमें दावा किया गया कि एसआईआर से जुड़े करीब 14 महत्वपूर्ण फैसलों पर दोनों चुनाव आयुक्तों ने आपत्तियां दर्ज की थी, जबकि फैसले भारत के निर्वाचन आयोग के नाम से आगे बढ़े थे। याचिकाकर्ता का कहना है कि बहुसदस्यीय चुनाव आयोग के फैसले मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले नहीं ले सकते हैं। दरअसल, फार्म-6 में बदलाव के जरिए जोड़े गए नए घोषणा-पत्र को लेकर राजनीतिक दलों का विरोध तब और बढ़ गया जब यह बात सामने आई कि निर्वाचन आयोग के अन्य निर्वाचन आयुक्तों की आपत्ति के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अकेले यह निर्णय लिया है। अन्य निर्वाचन आयुक्तों ने यह कहते हुए अपनी आपत्ति दर्ज कराई थी कि केंद्र सरकार द्वारा मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 में संशोधन किए बगैर फार्म-6 में बदलाव नहीं किए जा सकते हैं। बेंच ने ज्ञानेश कुमार को फिलहाल एक्स पार्टी सस्पेंड करने से इनकार किया है, लेकिन मामला खारिज नहीं किया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी समेत संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इस पूरे घटनाक्रम का असर केवल चुनाव आयोग और अदालत के बीच चल रही कानूनी प्रक्रिया तक सीमित रहने की संभावना नहीं है। इसका सीधा संबंध देश की राजनीति, चुनावी संस्थाओं की विश्वसनीयता और सत्तापक्ष तथा विपक्ष के बीच बढ़ते अविश्वास से भी है। यदि चुनाव आयोग के निर्णय लेने की प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल लंबे समय तक बने रहते हैं, तो यह विपक्ष के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मुद्दा बन सकता है। भारतीय लोकतंत्र में चुनाव आयोग की भूमिका सामान्य प्रशासनिक संस्था से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। चुनाव आयोग के फैसलों पर राजनीतिक दलों और मतदाताओं का विश्वास चुनाव की निष्पक्षता की बुनियादी शर्त है। इसलिए जब आयोग के भीतर ही किसी निर्णय को लेकर मतभेद या असहमति की बात सामने आती है और यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचता है, तो उसका राजनीतिक महत्व स्वाभाविक रूप से बढ़ जाता है। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या बहुसदस्यीय चुनाव आयोग में किसी बड़े नीतिगत या चुनावी फैसले को मुख्य चुनाव आयुक्त अकेले आगे बढ़ा सकते हैं? यदि इस प्रश्न पर न्यायिक परीक्षण होता है और भविष्य में न्यायालय कोई स्पष्ट व्यवस्था देता है, तो इसका असर केवल मौजूदा विवाद पर नहीं, बल्कि चुनाव आयोग की भविष्य की कार्यप्रणाली पर भी पड़ सकता है। इससे यह तय करने में मदद मिल सकती है कि आयोग के भीतर सामूहिक निर्णय प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण है और मुख्य चुनाव आयुक्त तथा अन्य निर्वाचन आयुक्तों की संवैधानिक भूमिका का संतुलन किस प्रकार कायम किया जाना चाहिए। इस विवाद की असली परीक्षा यही होगी कि क्या देश की चुनावी संस्थाएं और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास का केंद्र बनी रह सकती है। यदि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल लगातार बढ़ते हैं, तो इसका नुकसान किसी एक राजनीतिक दल को नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता को होगा।इसलिए मौजूदा विवाद को केवल "ज्ञानेश कुमार बनाम विपक्ष" के रूप में देखना उचित नहीं होगा। असली सवाल इससे कहीं बड़ा है कि क्या भारत की चुनावी व्यवस्था ऐसी बनी रहेगी जिस पर चुनाव हारने वाला भी भरोसा करे और चुनाव जीतने वाला भी? यही सवाल आने वाले समय में भारतीय राजनीति की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

धन तो कमा लिया, पर क्या आप सफल हैं?



संकलित

दर्शन

सफलता क्या है? वह मुस्कान जो कभी समाप्त न हो, सफलता की निशानी है। ऐसा आत्मविश्वास, जिसे कोई भी हिला न सके वह सफलता का संकेत है। जीवन में निडरता भी सफलता का संकेत है। एक सफल व्यक्ति कभी चोरी नहीं करेगा, क्योंकि वह जानता है कि वह कहीं भी जाए, समृद्धि प्राप्त कर सकता है। जब यह विश्वास होता है कि "मैं कहीं भी समृद्धि प्राप्त कर सकता हूँ", तो वह चोरी, कर-चोरी, भ्रष्टाचार आदि कोई भी ऐसा काम नहीं करेगा जिसका परिणाम अंततः कारागृह हो। खुशी और सफलता एक दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए - किसी व्यक्ति को देखिए। क्या वह जीवंत है? क्या उसके अंदर पर्याप्त प्राण (ऊर्जा) है? या वह इतना थका-हारा और टूटा हुआ दिखता है कि किसी काम का नहीं लगता? हो सकता है आपके पास बहुत धन हो, लेकिन आपको मधुमेह (डायबिटीज) है, कोलेस्ट्रॉल है, अनिद्रा है, उच्च रक्तचाप है तब आप सुख-सुविधाओं का आनंद भी नहीं ले पाते। हम अपनी आधी सेहत धन कमाने में खर्च कर देते हैं, और फिर आधा धन सेहत वापस पाने में लगा देते हैं। यह अर्थव्यवस्था का बुद्धिमत्तापूर्ण तरीका नहीं है। खुशी और सफलता एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए।प्रतिकूल परिस्थितियों में व्यक्तित्व की परीक्षा : जब कभी व्यक्ति, स्थान या परिस्थितियाँ आपके विपरीत होती हैं, तब मनुष्य अक्सर उनसे प्रभावित होकर स्वयं भी दबाव में आ जाता है। व्यक्तियों परिस्थितियों से घिरकर हम कभी-कभी भीतर से बोझिल महसूस करने लगते हैं।

क्रोध में हम, चिल्लाते क्यों हैं?



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने शिष्यों से पूछा- हम गुस्से में चिल्लाते क्यो हैं? जब हम खिन्न होते हैं, तो एक दूसरे पर चिल्लाते क्यों हैं? शिष्यों ने कुछ समय विचार किया और उनमें से एक शिष्य ने कहा- हम अपनी शांति खो देते हैं इसलिए चिल्लाते हैं। संत ने पूछा- पर जब दूसरा व्यक्ति आपके पास ही खड़ा हों तो इतना चिल्लाना क्यों? क्या यह संभव नहीं कि हम उस व्यक्ति से नरम आवाज में बात करें? हम एक दूसरे पर क्यों चिल्लाते हैं जब हम क्रोधित होते हैं? शिष्यों ने कई जवाब दिए पर किसी भी जवाब से संत संतुष्ट ना दिखाई दिए। अंत में उसने कहा, जब दो व्यक्ति एक दूसरे पर क्रोधित हों तो उनका हृदय बहुत दूर हों जाते हैं। इस दूरी को तय करने हेतु उन्हें चिल्लाना होता है ताकि वे एक दूसरे को सुन सके। वो जितना अधिक क्रोधित होते हैं उन्हें अपने हृदय की दूरी तय करने के लिए उतना ही चिल्लाना पड़ता हैं फिर संत ने पूछा, क्या होता है जब दो लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं? वे एक दूसरे पर चिल्लाते नहीं बल्कि सौम्यता से बात करते हैं, क्योंकि उनका हृदय बहुत करीब होता है। उनके बीच की दूरी बहुत कम होती हैं। संत ने आगे कहा- जब वे लोग एक दूसरे से और ज्यादा प्रेम करते तब क्या होता हैं? वे कुछ बोलते नहीं बस फुसफुसाते हैं और एक दूसरे के प्रेम में और करीब आते जाते हैं। अंत में उन्हें फुसफुसाने की भी जरूरत नहीं होती, बस एक दूसरे को देखते हैं। इस तरह लोग करीब होते हैं जब वे एक दूसरे से प्रेम करते हैं। जब आप किसी से बहस करें तो इसका ध्यान रखें।

अंतर्मन



आज की पाती

खेलों की संस्कृति विकसित हो

जापान के नगोया में आयोजित एशियन गेम्स-2026 के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य समेत 85 पदक जीते। मेडल की सूची में भारत ने चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय खिलाड़ियों की सफलता पर पूरा देश गर्व करता है। एशियन गेम्स में खिलाड़ियों के पदक नई पीढ़ी को मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का संदेश देते हैं। इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने एक साथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। कई अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। इसके बावजूद भारत को अभी खेलों में लंबा सफर तय करना है। इसके लिए देश में खेल संस्कृति को विकसित करना होगा। - *कमल साहू, गरियाबंद*

ट्रेंड

स्पेशल पर्पस व्हीकल



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट एंड लॉजिस्टिक्स अथॉरिटी' के गठन को मंजूरी दी है। इसे एक 'स्पेशल पर्पस व्हीकल' के तौर पर बनाया जाएगा, ताकि ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में रिसर्च, प्लानिंग, आदि की प्रक्रिया को मज़बूत किया जा सके।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

दोहरा रवैया नहीं चलेगा



कांग्रेस को फर्जी वोटों से इतना लगाव क्यों है? एक सही वोटर लिस्ट लोकतंत्र की आत्मा होती है। अगर वे जीतते हैं तो लोकतंत्र ठीक, वोटर लिस्ट भी ठीक, लेकिन अगर वे हारते हैं तो इसे वोटों की चोरी कहा जाता है। यह दोहरा रवैया नहीं चलेगा।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

चुनाव आयुक्त



आज 300 से ज्यादा विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयुक्तों से मिलने के लिए संसद से चुनाव आयोग तक मार्च किया। हम करोड़ों भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। चुनाव आयुक्त हमसे क्यों नहीं मिल रहे, पुलिस हमें क्यों रोक रही है और धमका रही है?
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

लोकतंत्र का मज़ाक



पूरा देश ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर एकजुट है। कुछ सालों से, ये लोग असली वोट कटवाकर और फर्जी वोट जुड़वाकर चुनाव जीत रहे हैं। इन्होंने लोकतंत्र का मज़ाक बना दिया है। मैं देश में वोट की चोरी के खिलाफ़ चल रहे आंदोलन का समर्थन करता हूं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

केन्या ने कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की



केन्या के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को देश में कांगो से आए इबोला के पहले मामले की पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री एडेन डुएले ने बताया कि कांगो से युगांडा होते हुए शनिवार को देश पहुंचे एक केन्याई नागरिक को उपचार के दौरान नैरोबी के अस्पताल में पृथक-वास में रखा गया था। हेमोरेजिक फीवर (रक्तस्रावी बुखार) जैसे लक्षण दिखने के बाद जांच में मरीज के इबोला वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान सोमवार देर रात मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश को 'हाई अलर्ट' पर रखा है और संभावित रूप से सामने आने वाले अन्य मामलों पर नजर रखी जा रही है। डुएले ने बताया कि 28 लोगों की पहचान की गई है जो मरीजों के संपर्क में आए थे; इनमें परिवार के सदस्य और मरीजों की देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। युगांडा से उसी उड़ान में यात्रा करने वाले 23 अन्य यात्रियों का भी पता लगाया जा रहा है। केन्या चौथा ऐसा देश है जहां मौजूदा इबोला प्रकोप में संक्रमण का मामला सामने आया है। इस प्रकोप की घोषणा मई के मध्य में कांगो के पूर्वी हिस्से में की गई थी। युगांडा में 20 मामले और फ्रांस में एक मामला सामने आया है।

ऑफ बीट

ब्रह्मांड में जीवन के लिए सबसे अनुकूल जगहें कौन-सी हैं?



पृथ्वी पर इस समय भले ही काफी उथल-पुथल मची हो, लेकिन कम से कम हमारे आसपास का अंतरिक्ष शांत दिखाई देता है। मगर ब्रह्मांड के हर हिस्से में ऐसा नहीं है। कहीं विस्फोट हो रहे हैं, कहीं खगोलीय पिंड टकरा रहे हैं और कहीं दूसरे तरह के खतरे मंडरा रहे हैं पत्रिका 'मंथली नोटिसेज ऑफ द रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी' में प्रकाशित नए शोध में हमने कृत्रिम रूप से तैयार किए गए ब्रह्मांडों की पड़ताल की, ताकि यह पता लगाया जा सके कि जीवन के लिए सबसे अनुकूल स्थान कौन-से हैं। हमें एक राहत देने वाली बात पता चली कि आकाशगंगा के बाहरी हिस्से में स्थित हमारा सूर्य जीवन के लिए उपलब्ध सबसे अनुकूल जगहों में से एक है। जीवन के लिए ब्रह्मांड में मौजूद अनुकूल क्षेत्र को 'गोल्डीलॉक्स क्षेत्र' कहा जाता है-यानी ऐसी जगहें जहां परिस्थितियां न बहुत गर्म होती हैं, न बहुत ठंडी, बल्कि बिल्कुल अनुकूल होती हैं। हालांकि, वहां वास्तव में जीवन मौजूद है या नहीं, यह अलग सवाल है। खगोल विज्ञानी और जीवविज्ञानी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सौरमंडल के बाहर मौजूद ग्रहों पर जीवन कैसे विकसित हो सकता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

नौसेना के युद्धपोतों के लिए होगी ब्रह्मोस फायर कंट्रोल सिस्टम, लांचर की खरीद

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली। चीन-पाकिस्तान की सीमाओं से बढ़ती युद्ध की साझा चुनौती के दौर में भारत अपनी सुपरसोनिक (ध्वनि की गति से भी तेजी से हमला करने में सक्षम) ब्रह्मोस मिसाइल की मारक क्षमता में तेजी के साथ और अधिक वृद्धि करने में जुटा हुआ है। इसी कवायद के बीच मंगलवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) के साथ कुल 661.50 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समझौते का संबंध मुख्य रूप से मिसाइल के फायर कंट्रोल सिस्टम और लांचर की खरीद से जुड़ा हुआ है। जिसे रक्षा खरीद प्रक्रिया (डीपीपी) में शामिल इंडियन-आईडीडीएम श्रेणी के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा।

रक्षामंत्री राजनाथ ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

पहले स्वदेशी फ्लीट सपोर्ट शिप 'सूर्य' का जलावतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खास बातें

- ओडिशा के कोरापुट में एचएएल के 2000 वें इंजन सौंपने के कार्यक्रम के भी साक्षी बने राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भारतीय नौसेना और वायुसेना की मारक क्षमता में वृद्धि करने वाली दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं को लेकर आयोजित किए गए कार्यक्रमों की अध्यक्षता की है। जिसमें विशाखापट्टनम में हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) में उन्होंने देश की समुद्री सेना के लिए बनाए जा रहे पहले स्वदेशी फ्लीट सपोर्ट जहाज (एफएसएस-1) 'सूर्य' का बंगाल की खाड़ी में जलावतरण किया। जबकि दूसरे में ओडिशा में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की कोरापुट डिवीजन के 2000 वें इंजन सौंपे के कार्यक्रम में शिरकत की है। समारोह में रक्षा मंत्री ने आजादी के ठीक अगले साल 1948 में एचएसएल में हुए देश के पहले जहाज जल-उषा के जलावतरण को याद करते हुए कहा कि भारत की समुद्री विरासत दीर्घकालिक है। जिसमें शिपयार्ड राष्ट्रीय समुद्री क्षमता का संरक्षक है। यह बीते करीब 8 दशक से अधिक समय से देश की समुद्री व रक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति में जरूरी योगदान दे रहा है।

एचएसएल को मानक तैयार करने पड़ेंगे

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, विशाखापट्टनम में राजनाथ सिंह ने एफएसएस-1 के अलावा पांचवें फ्लीट शिप की नींव रखी, उन्नत स्लिपवे-4 तथा 300 टन क्षमता वाली गोलियाथ क्रेन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशाखापट्टनम को एक प्रमुख समुद्री औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। हमें एचएसएल को गुणवत्ता, उत्पादकता और समयबद्ध वितरण के लिए मानक बनाना पड़ेगा। लेकिन इसमें भी कोई दोराय नहीं है कि एचएसएल न केवल अपनी जहाज निर्माण को मजबूत बना रहा है। बल्कि उसके साथ-साथ देश की समुद्री शक्ति की नींव को भी सशक्त बनाने में लगा हुआ है। यह उपलब्धि शिपयार्ड द्वारा महत्वपूर्ण जहाज निर्माण की क्षमता को सुदृढ़ बनाने, स्वदेशी समुद्री क्षमता को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़े कदम के रूप में शामिल है।

आदिवासी समुदायों के संवैधानिक अधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली। जनजातीय समुदायों के संवैधानिक अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनजातीय कार्य मंत्रालय ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में देश के करीब 30 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से 75 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य जनजातीय समुदायों को संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को मजबूत करना तथा उनके लिए उपलब्ध संरक्षण एवं सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुलभ और प्रभावी बनाना है।

पाकिस्तान के लिए जासूसी नौसेनाकर्मी समेत दो गिरफ्तार

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश पुलिस ने पाकिस्तान के लिए कथित जासूसी के मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में नौसेना से जुड़ा एक कर्मचारी भी शामिल है। पुलिस का आरोप है कि दोनों ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी जुटाकर साझा की। पुलिस के मुताबिक, संदिग्धों ने विशाखापत्तनम (विजाग) और देश के अन्य हिस्सों से जुड़ी जानकारी एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन चैनलों के जरिए साझा की। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह जानकारी किसे और किस उद्देश्य से भेजी गई थी।

गुतारेस आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान

इस्लामाबाद। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस मंगलवार को आधिकारिक यात्रा पर इस्लामाबाद पहुंचे जहां वह पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। गुतारेस उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार के निमंत्रण पर छह से आठ अक्टूबर तक पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद पहुंचने पर कार्यवाहक विदेश सचिव राजदूत नबील मुनीर ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख की अगवानी की।

****खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख जासूसी के आरोप में गिरफ्तार :** बर्लिन। जर्मनी में घरेलू खुफिया एजेंसी के एक पूर्व प्रमुख को मंगलवार को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। संघीय अभियोजक कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय के मुताबिक, अगस्त हैनिंग ने दिसंबर 1998 से नवंबर 2005 तक संघीय खुफिया एजेंसी या बीएनडी के अध्यक्ष के तौर पर सेवाएं दी थीं।

JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD

e-Procurement Notice

Tender Reference No: JRDA/CIVIL/26-27/24/ Date: 05.10.2026

1.	Name of Work	DESIGN, CONSTRUCTION, SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF 5.2 MLD STP BASED ON SBR WITH TERTIARY TREATMENT & PROVIDING SEWER NETWORK IN BELGARIA TOWNSHIP INCLUDING 5 YEARS OPERATION AND MAINTENANCE (2 years DLP).
2.	Estimated Cost	Rs. 62,37,05,441.00
3.	EMD	Rs. 62,37,05,441.00
4.	Tender Document Cost	Rs. 10,000.00
5.	Time of Completion	12 months for Construction with 5 years O&M
6.	Date/Time from which bid is available for online bidding	10.10.2026 at 03:00 PM
7.	Last Date/Time for on-line submission of bids	31.10.2026 at 5:00 PM
8.	Date and Time of Bid Opening	02.11.2026 at 11:30 AM
9.	Name and Address of Officer inviting tender	Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand,India Email:infojrda.dhn@gmail.com

Note: 1.Onlye-tenderswill be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/
Head of Department (Civil),
JRDA, Dhanbad

PR 391199 Urban Development (26-27) D"

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co. Ltd.
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Chief Engineer (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267

No. 02-07/Tender/P-1974/770 Raipur, Dtd. 05/10/2026

NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)

Tenders are invited from eligible bidders for supply of following materials:-

S. No.	Particulars	Qty.	Earnest Money	Last date/ time for submission of tender
1.	Supply of CT junction box with 32 terminals for various EHV S/s under CE(S/s) CSPTCL, Raipur.	139 Nos.	7,000/-	27/10/2026 14:00 Hrs.

NOTE :-(1)Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in

Chief Engineer (Sub-Station)
CSPTCL: Raipur(C.G.)

SAVE ELECTRICITY

कार्यालय नगरपालिक निगम जगदलपुर जिला बस्तर (छत्तीसगढ़)

-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-
Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक /2282 /नपानि / लोनिवि / 2026 जगदलपुर दिनांक 06.10.2026

नगरपालिक निगम जगदलपुर द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

S. No.	NIT. No.	System Tender No.	Name of work.	PAC in Lakhs	Amount of Earnest Money.	Tender Processing Fee
1	345	200974	Construction of an RCC drain from Danteshwari College to the main road kabristan in Ward No. 25, Jagdalpur.	24.44	18500.00	750.00
2	346	200982	Construction of an RCC drain from Subhash Mishra's house to Airport Road in Ward Nos. 43 and 27, Jagdalpur.	15.76	12000.00	750.0
3	347	200983	Construction of an RCC drain from the area behind Rajendra Nagar to Chitrakoot Road in Ward No. 37, Jagdalpur.	13.80	11500.00	1500.00
4	348	200984	Construction of a BT road from Gopal's house to Mata Mandir in Ward No. 37, Jagdalpur.	37.61	28500.00	1500.00
5	349	200985	Construction of a BT road from Kalipur Road to behind Atal Awas in Ward No. 48, Jagdalpur.	15.87	12000.00	750.00
6	350	200986	Construction of an RCC drain from the timber depot (Lakdi Taal) to Rajendra Nagar in Ward No. 37, Jagdalpur.	14.78	11500.00	750.00
7	351	200987	Estimate for supplying) Installation] Testing & Commissioning of street light work from DJ court chowk to New Bus stand road to Bodhghat thana chowk District Bastar	40.24	30500.00	1500.00

निविदा प्रपत्र पर ऑनलाइन वेबसाईट (**Main Protal: http://eproc.cgstate.gov.in**) पर दिनांक **29.10.2026** को सांय 5.30 बजे तक देखे/क्रय एवं निविदा की कार्यवाही किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा विवरण उपरोक्त वेबसाईट एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट **http://uad.cg.gov.in** मे भी देखी जा सकती है। निविदा शर्ते, बी.ओ.क्यू, सूचना में किसी प्रकार का संशोधन किये जाने पर उपरोक्त वेवसाईट मे भी देखी जा सकती है। संशोधन सूचना, समाचार पत्र पर प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।

टीप:- निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने हेतु सक्षम श्रेणी पंजीकृत ठेकेदारों को उक्त वेबसाईट में पंजीकरण अनिवार्य है। टेंडर डाकुमेंट एण्ड प्रोसेसिंग शुल्क राशि का डी.डी. जो आयुक्त नगरपालिक निगम जगदलपुर के पक्ष में देय तथा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी हो जमा किया जाना अनिवार्य है।

S-49314/2 "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दे" आयुक्त
नगरपालिक निगम, जगदलपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर
(प्रपत्र-अ) द्वितीय निविदा-ई- प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website - www.cgmsc.gov.in, Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

क्र.	नि.आ.सू. क्र.	कार्य का नाम	राशि (रू. लाख)
1	11165	जिला रायपुर अंतर्गत State Training & Demostration Centre and intermediate Reference Laboratory (STDC & IRL) भवन का निर्माण कार्य।	591.54
2	11166	जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, ब्लॉक अम्बागढ़ चौकी के नीचेकोहडा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	26.67
3	11167	जिला कांकेर ब्लॉक पखांजूर के छोटे कापसी में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.38
4	11168	जिला बीजापुर ब्लॉक भोपालपट्टनम के सेन्ड्रा में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.33
5	11169	जिला बीजापुर ब्लॉक उसूर के पुसगुड़ी में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य।	25.33
6	11170	जिला नारायणपुर ब्लॉक नारायणपुर के मधोनार में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य।	24.91
7	11171	जिला कोरबा विकासखण्ड कोरबा के काशी नगर में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य।	23.38
8	11172	जिला कोरबा विकासखण्ड कोरबा के राटाखार में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य।	23.38
9	11173	जिला रायगढ़ के कुम्हार पारा, रिया पारा वार्ड नं. 08 में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य।	23.38
10	11174	जिला रायगढ़ के राजीव नगर गली नं. 01 में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के निर्माण कार्य।	23.38
11	11175	जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा के ऊर्जानगर में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य।	23.38
12	11176	जिला कोरबा वि.ख. कटघोरा के छुरी में शहरी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कार्य।	23.38
13	11177	जिला- दंतेवाड़ा ब्लॉक- कटेकल्याण के लखारास में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शेष निर्माण कार्य।	21.12

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 06/10/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 21/10/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-49321/1 sd/- अधीक्षण अभियंता

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
जलपथ प्रमण्डल, चाईबासा।
शुद्धि–पत्र

ई० निविदा आमत्रण सूचना संख्या–**01EE/WRD/WWD/CBSA/F2-01/26-27** जिसका पी•आर•संख्या–390605 **(West Singhbhum)**26–27 **(D)** के माध्यम से प्रकाशित की गई को निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है–

विवरणी	पूर्व की तिथि	संशोधिततिथि
बेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय	08.10.2026 के 03:00 बजे पूर्वाह्न।	28.10.2026 के 11:00 बजे पूर्वाह्न।
निविदा में भाग लेने की अंतिम तिथि एवं समय	21.10.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक।	03.11.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एव समय	22.10.2026 को 05:00 बजे अपराह्न।	05.11.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न।

अन्य सभी शर्ते पूर्ववत रहेगी।

PR 391174 West Singhbhum(26-27)D

कार्यपालक अभियन्ता
जलपथ प्रमण्डल, चाईबासा।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)

:: // ईश्तहार // ::

रा.प्र.क्रमांक / / / 2025-2026 रायपुर, दिनांक 17/08/2026

ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.नं. 49,
तहसील व जिला रायपुर,

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 01 संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी जिला रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक / 296238 / 2026 / भ.नि.अ.प्र. / जोन क्रं.-1 / न.पा.नि. / 2026-27 रायपुर दिनांक 29/07/2026 के द्वारा ग्राम गुढ़ियारी, तहसील व जिला रायपुर छ०ग० में स्थित भूमि खसरा नंबर 721 रकबा 1.67 हे० भूमि उच्चस्तरीय जलागार निर्मित है जो कि वर्तमान में निगम आधिपत्य में है एवं जलागार का संचालन तथा संधारण जोन क्रमांक 01 नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा किया जा रहा है। अतः उक्त भूमि को आबंटन करने के संबंध में जांच प्रतिवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 07/10/2026 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 07/10/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक दिनांक 17/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Atal Nagar- 492002, Chhattisgarh.
Tel No: + 91 771 2512000, Fax-+91 771 2512400
Email: ceo.nranvp@cg.gov.in
Website: www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works :
NIT No: 39/PSRM/EEC-III/CE/NRANVP/2026-27, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Dated: 01.10.2026
Name of Work: "Providing, Supply, Repairing and maintenance of Infrastructure work and other road amenities at various locations of Nava Raipur Atal Nagar, Raipur (C.G.)" (Short Tender)
Estimated cost: INR **4.00** Crs. EMD: INR **4.00** Lakhs Period of Completion: **24** Months
Last Time & Date of Online Submission: **14:00**hrs on **16.10.2026**
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.
Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper. **Engineer-in-Chief NRANVP**

S-49317/2

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छत्तीसगढ़ आरोग्य चिकित्सा शिक्षण एवं अनुसंधान स्वशासी समिति /स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
Bendrachuwa, Raigarh, Chhattisgarh,
ph-07762-220741 E-mail: gmcraigarh.2013@gmail.com

क्रमांक / चिकि.महा. / क्रय / 2026-27 / 14251
रायगढ़ दिनांक 05/10/2026

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय / चिकित्सालय, रायगढ़ (छ.ग.) के अधीनस्थ "संत बाबा श्री गुरुघासीदास जी स्मृति, शासकीय चिकित्सालय, रायगढ़" के लिए D Type & B Type Oxygen Cylinder क्रय हेतु अधिकृत विक्रेता फर्म / निर्माता कम्पनियों से क्रमांक / चिकि.महा. / क्रय / 2026-27 / 11798 दिनांक 18.08.2026 एवं 13201 दिनांक 16.09.2026 (ई-निविदा क्रमांक 198826) के माध्यम से आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
छ.आ.चि.शि एवं अनुसंधान स्वशासी समिति
स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति
शास. चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

G-262703772/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 200487 / निविदा सूचना क्रमांक 05 / वलेलि / 2026-27, छुईखदान दिनांक 05.10.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **26.10.2026** समय **17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान के सिद्धबाबा जलाशय योजना की फीडर मुख्य नहर अंतर्गत कोटरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 1920 मी., उदयपुर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1770 मी., पुरेना माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1230 मी., कोटरीछापर माईनर आर. डी. 0 मी. से 1290 मी., खैरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 1320 मी., मैनहर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1500 मी., सीताडबरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 960 मी., घिरघोली माईनर आर.डी. 0 मी. से 1230 मी., गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 2340 मी. तक निर्माण साथ ही 20 नग व्ही.आर.बी., 15 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 01 नग हेड स्लूज, गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 750 मी. तक आर.सी.सी. ओपनड्रफ एवं कुलाबा फिक्सिंग का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत :- रू. 539.57 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **12.10.2026** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 01.11.2025 से अभी तक जारी समस्त निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र मान्य होगा (प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग के पत्र क्रमांक 425001/TC/2016/सर्कू/अस्थायी/7989 रायपुर दिनांक 30.09.2026 के अनुसार)।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, छुईखदान
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-262703758/5

Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Raipur - 492 012 (CG)
DIRECTORATE OF INSTRUCTIONS

No. 2445 Dated: 05.10.2026

:: PG and Ph.D. Admission Notice 2026-27 ::

Some seats of PG and Ph.D programme of IGKV are lying vacant for the session 2026-27. Interested candidates can apply online w.e.f. from 07th October, 2026. The last date of submission online application is 13th October, 2026. All other details including number of seats are available on IGKV website. (**https://igkv.ac.in**).

The fresh online application is mandatory.

S-49311/1 REGISTRAR

Chhattisgarh InfoTech Promotion Society (CHIPS)
2nd Floor, SDC Building, Raipur, Chhattisgarh 492002
Phone:0771-4014158, Fax: 0771-4066205, Email: ceochips@nic.in

System Tender No.: 201094 Raipur, dated: 06/10/2026

TENDER NOTICE

Chhattisgarh Infotech Promotion Society (CHIPS) invites online proposals from eligible bidders for Expression of Interest for "Empanelment of Artificial Intelligence (AI) Platform Providers and AI Manpower Services for the Government of Chhattisgarh". The Information cum Tender document can be downloaded from the website https://eproc.cgstate.gov.in & https://chips.gov.in.

S-49312/3 CEO/CHIPS

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) उत्तर बस्तर, कांकेर
कार्यालयीन दूरभाष/ फैक्स - 07868- 241126,
E-mail - kankerlocalelection@gmail

// मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना//

क्रमांक/कले./स्था.निर्वा./न.पा./निविदा/2026/434
कांकेर, दिनांक 30/09/2026

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में नगरपालिका (नगर पंचायत नरहरपुर) के आगामी आम चुनाव के लिए, वार्डवार तैयार की गई फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रुपये 100/- है) मेरे कार्यालय से किसी भी दिन, कार्यालयीन समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 16.10.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. फोटोयुक्त मतदाता सूची मुद्रण के लिए कागज सहित दर लेजर प्रिंट, डिजिटल प्रिंट के लिए मंगवाई जावेगी।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी मेरे कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(नगरपालिका)
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G-262703762/1

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

बिजली बंद की सूचना

समस्त सम्मानीय उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि तिल्दा वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले 33/11 के.व्ही. विद्युत लाईन में दिपावली पूर्व आवश्यक सुधार कार्य एवं मरम्मत कार्य हेतु लाईन बंद होने नीचे तालिका में दर्शित दिनांक को **सुबह 10.00 से शाम 04.00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण फिडर से निकलने वाले समस्त दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	33/11 सबस्टेशन का नाम	11 के.व्ही. फीडरो का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	08/10/26 गुरूवार	तिल्दा	11 के.व्ही. टाउन - 1 फीडर	बजरंग वेल्डिंग, सब्जी मंडी रोड, नगर पालिका रोड एवं घासीदास चौक इत्यादि ।
2	10/10/26 शनिवार	तिल्दा	11 के.व्ही. टाउन 3 फीडर	जनपद रोड, कर्मचारी भवन, बघेल चौक, कृष्णा नगर, शिक्षक कालोनी, श्याम नगर, एवं साईधाम रोड इत्यादि।
3	14/10/26 बुधवार	तिल्दा	11 के.व्ही. टाउन - 2 फीडर	थाना ट्रांसफार्मर, स्टेशन रोड, लक्ष्मीबाई, शीतला मंदिर, मिशन कालोनी, ग्रामीण प्रतिष्ठान, गोकुधाम इत्यादि ।
4	17/10/26 शनिवार	तिल्दा	11 के.व्ही. टाउन- 4 फीडर	तलरिया ट्रांसफार्मर, साहू शॉ मिल, कैम्प रोड, सुरभि डेली नीड्स एवं सुभाष चौक इत्यादि ।
5	21/10/26 बुधवार	तिल्दा	11 के.व्ही. टाउन- 5 फीडर	स्टेशन रोड, सुर्या बार, यादव फ्सुल्स, कृष्णा लाईफ स्टायल, भैरवगढ़धाम रोड, संत कंवर राम चौक एवं गोदड़ीधाम इत्यादि ।
6	24/10/26 शनिवार	बी. एन. बी.	11 के.व्ही. बी.एन. बी. फीडर	कोहका रोड, रानुलाल गांधी, पशु चिकित्सालय, लाहोटी ट्रांसफार्मर, कोटा रोड, गुल्ला होटल एवं कोटा रोड इत्यादि ।
7	26/10/26 सोमवार	बी. एन. बी.	11 के.व्ही. नेवरा फीडर	घासीदास चौक, सेतपाल नगर, ज्योति हॉस्पिटल, कन्याशाला एवं गोवर्धन नगर इत्यादि ।
8	28/10/26 बुधवार	बी. एन. बी.	11 के.व्ही. मंडी फीडर	गांधी चौक, धरमकाटा, धान मंडी रोड, महामाया पारा एवं सिनोधा रोड इत्यादि ।
9	31/10/26 शनिवार	तिल्दा एव बी. एन.बी. सबस्टेशन	11 के.व्ही. बी. एन. बी., नेवरा, मंडी	समस्त तिल्दा - नेवरा क्षेत्र इत्यादि ।

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराऐं।"

असुविधा के लिए खेद है

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

(धनंजय कुमार वर्मा)
कर्मचारी संख्या - 92315604
कार्यपालन यंत्री (संचा. / संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर

S-49305/1 Credible Chhattisgarh

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1	200601 तृतीय आमंत्रण 30.09.2026	जिला बिलासपुर के पोडी- आँक डी- लावर मार्ग के अरपा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	638.52
2	200603 तृतीय आमंत्रण 30.09.2026	जिला जांजगीर चांपा के पुराना एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन में उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	1301.72
3	200604 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जगदलपुर केन्द्रीय जेल में 06 नग बैरक (फैक्ट्री बैरक (जी.एफ./एफ.एफ. एण्ड II एफ. हाईसेल बैरक) (शेष कार्य) विद्युतीकरण सहित।	241.19
4	200605 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कोण्डागांव के चांदाबेडा (छोटियामुडा से छिंदली) तक मार्ग लंबाई 3.375 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	405.19
5	200606 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	जिला रायपुर के सिलयारी बरतोरी खौना मार्ग लंबाई 11.10 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य, पुल पुलिया सहित। संभाग - विधानसभा संभाग रायपुर।	2440.12
6	200665 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य, जमा मद।	754.86
7	200702 प्रथम आमंत्रण 30.09.2026	बरमकेला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, वा.स.से.फि. एवं विद्युतीकरण, बाउण्ड्रीवाल एवं पहुंच मार्ग का कार्य, जमा मद।	463.22
8	200708 प्रथम आमंत

चिन्हारी
डा. नीलकंठ देवांगन

संस्कृति के धरोहर झांपी
अब नंदावत जाथे




झांपी सिरिफ सामान रखे के जिनिस नोहय, एखर सांस्कृतिक अउ पारंपरिक महत्व हे। येहा बांस के बने ढक्कन वाले टोकरी या पिटारा होथे। छोटे मोटे सामान अउ खाय पिये के चीज सुरक्षित रखे बर एखर उपयोग होय । शादी - बिहाव मं एखर महत्व बढ़ जाय। बिदा होके दुल्हन जब ससुरार जाय, त ओखर संग झांपी मं कपड़ा,जेवर, पकवान मिठाई जोरे जाय । येला संस्कृति के धरोहर अउ बहुत शुभ माने जाय। अइसे मानता रिहिस के बिहाव के समय सजे झांपी मं कुलदेवी के वास होय। येला सुख समृद्धि अउ खुशहाली के प्रतीक माने जाय। पारंपरिक अउ मांगलिक काम मं शगुन के रूप मं एखर इस्तेमाल होवय । पारंपरिक झांपी के विशेष चलन रहय। आजकल आधुनिकता अउ बदलत दौर के साथ पारंपरिक बांस या मूंज के बने झांपी के उपयोग दैनिक जीवन मं पहिली के तुलना मं काफी कम हो गेहे। एखर जगह स्टील के छोटे बड़े पेटी - संदूक, प्लास्टिक, फाइबर, गत्ता के कलात्मक डिब्बा लेवत हाबय 1 बजार मं ये कम कीमत मं अउ आसानी से मिले के सेती पारंपरिक शिल्प के मांग प्रभावित होय हे 1 फेर झांपी के तो अपन खास महत्व हे, संस्कृति अउ परंपरा के हिस्सा हे। सपेरा मन छोटे झांपी नुमा हल्का अउ हवादार टोकरी - पिटारी मं सांप रखे रहिथें 1 ढक्कन खोल के लोगन ल देखाथें। लोगन मन नाग देव के दर्शन कर भेंट देथें, जेखर ले उंखर जीविका चलथे ।



आस्था
टिकेश्वर सिन्हा 'गब्दीवाला

देवी के भक्ति के स्वरुप आय : जोत जंवारा



हमर छत्तीसगढ़ श्रद्धा, भक्ति अउ विश्वास के गढ़ आय। इंहा लोगन साल म दू पइत चैत अउ कुंवार के उगोना पाख म नौ दिन ले अपन मनोकामना पूरन खातिर देवी रूप म शक्ति के आराधना करथे। घर अउ समाज म माता दुर्गा, काली, शीतला अउ भवानी देवी के नाव ले एक जगा पूजा ठऊर निश्चित करथें। इही पूजा ठऊर म जोत जवारा बोये जाथे। नौ दिन तक उपास रहिके अपन कुल देवी ल माता के दरजा देवत पूजा अर्चना म लीन हो जाथे। जेन ल जस गीत, माता सेवा, श्रृंगार गीत, पचरा गीत के माध्यम ले माता के महिमा के गुणगान करे जाथे। माता ल पहिली दिन नेवता दे जाथे जस गीत के माध्यम ले -

नेवता नेवत के हो...
जग रचेव महामाई...
नेवता नेवत के हो...
ब्रम्हा ल नेवतेव... बिष्णु ल नेवतेव...
अउ नेवतेव कैलाश पति ल...
राजा इंद्रदेव उहू ल नेवतेव...
नेवता नेवत के हो...

नौ दिन अउ रात भक्त मन माता सेवा म अपन ल समर्पित कर देथे। माता के वंदना भक्ति भाव ले होवत रहिथे -

सिरी भगवती चरण ल मनाओ हो...
हो महामाई... दुर्गा दाई... तोर जस ल गाओ हो...।

परब विशेष
डा. राघवेन्द्र कुमार 'राज'



मां शैलपुत्री जीवन की झंझावातों से अविचलित अपनी सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश देती हैं। मां ब्रह्मचारिणी जीवन भूमि पर आने वाली हर बाधाओं का सामना निर्भीकता के साथ डंटकर करने की समर्थन करती है। मां कुष्मांडा जीवन को उत्कर्षशील बनाने की बात करती है। मां स्कंदमाता प्रेम और ममता से रिश्तों को सींचकर उनकी देखभाल करने की संदेश देती हैं।

अंचल में जगद्जननी
नव दुर्गा की स्तुति

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि देवी - देवताओं को समर्पित भूमि रही है। इस बात की साक्षी यहां वर्ष में दो बार आने वाली नवरात्रि ही है, जो स्वमेव साक्ष्य प्रस्तुत करती है। जगदम्बा को समर्पित उपासना, आराधना और साधना की रात्रि नवरात्रि होती है। तभी तो हृदयभूमि गा उठती है-

हम थके हारों की उम्मीद हो मां आखरी।
हम तो हैं तेरी भक्ति- यात्रा की यात्री।
खाली झोली हमारी भर दे मां काल रात्रि।
सुन लेना हमारी पुकार नवदुर्गे की नव रात्रि।

नवस्वरूपधारिणी जगद्जननी दुर्गा जी की पूजा-अर्चना न केवल छत्तीसगढ़ अपितु संपूर्ण भारत में बड़े मनोयोग के साथ किए जाते हैं। नवरात्रि जागरण और समर्पण की रात्रि होती है। इन्हीं रात्रियों में स्थापित नवदुर्गा जी अपने विविध स्वरूपों में संसार वासियों को नव संदेश देती हैं। इन संदेशों को आत्मसात कर जीवन को चिंता और संशयरहित सुखमय बनाया जा सकता है। मां शैलपुत्री जीवन की झंझावातों से अविचलित अपनी सिद्धांतों पर अडिग रहने का संदेश देती हैं। मां ब्रह्मचारिणी जीवन भूमि पर आने वाली हर बाधाओं का सामना निर्भीकता के साथ डंटकर करने की समर्थन करती है। मां कुष्मांडा जीवन को उत्कर्षशील बनाने की



बात करती है। मां स्कंदमाता प्रेम और ममता से रिश्तों को सींचकर उनकी देखभाल करने की संदेश देती हैं। मां कात्यायनी अन्याय के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करने की नसीहत देती हैं। मां कालरात्रि जीवन में बुराइयों का नाश कर अच्छाइयों की स्थापना का संदेश देती हैं। मां महागौरी निर्मल हृदय और शांत मन से जीवनयापन करने की संदेश देती हैं। मां सिद्धिदात्री भक्ति से जीवन को धन-धान्य से संपृक्त सुखमय बनाने का आह्वान करती हैं। इन नौ दिनों में माता के नौ रूपों और जन कल्याण में उनकी महिमा का गायन जस गीत के माध्यम से किया जाता है। समाज के सभी वर्ग के लोग इस नवरात्रि पर्व में भक्ति रस में डूब कर माता का स्मरण करने में कमी नहीं करते।

धार्मिकः घनश्याम सिंह नाग

पौराणिक कथाओं में
भैसादोंद डोंगरी का महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार पृथ्वी पर महिषासुर नामक एक तेजस्वी एवं महाप्रतापी राक्षस हुआ करता था। वह देवताओं को पराजित कर स्वर्ग का अधिपति बन बैठा। महिषासुर देवताओं को नानाविध प्रताड़ित करने लगा। महिषासुर की प्रताड़ना से देवताओं में हाहाकार मच गया। तब उनकी सहायता के लिए मां दुर्गा का अवतरण हुआ। मां दुर्गा और महिषासुर के बीच एक वर्ष तक घोर संग्राम हुआ, तत्पश्चात नौ दिन और रात द्वन्द युद्ध के पश्चात मां दुर्गा के हाथों महिषासुर मारा गया। देवी भागवत में भी कथा का वर्णन है, किन्तु महिषासुर कहां मारा गया इसका उल्लेख नहीं है। इसलिए आदि काल से ग्रामीण इस पहाड़ी को भैसा दोंद डोंगरी के नाम से सम्बोधित करते हैं। महिषासुर का वध स्थल होने के कुछ प्रमाण भी ग्रामीण इस पहाड़ी में दिखाते हैं। जिसमें भैसा खोज स्थल, युद्ध स्थल, भैसे के सिंगो के निशान, शेर के पंजों के निशान, वध स्थल, पद चिन्ह, माई जी के नयन के प्रमाण



मिलते हैं। महिषासुर के वध के बाद मां महिषासुर मर्दिनी एक पत्थर पर बैठ कर कुछ पल विश्राम की और अपना प्रतिछाया छोड़ कर अदृश्य हो गई, वहीं पर भक्तों ने एक मंदिर का निर्माण किया। जब काकतीय वंश के राजा यहां आबाद हुए तो श्री मां महिषासुर मर्दिनी इस वंश की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी के रूप में प्रचारित हुई।

लोक साहित्य
बसंत राघव

डा. बलदेव के काव्य भाषा

डॉ. बलदेव के काव्य भाषा म जउन खुलापन हे, अर्थ के विस्तार हे, ये ही हर परिदर्श के कारण आय। खास करके प्रकृति अउ ऋतु मन के वर्णन म कवि ह अइसन रचना करे हें, जेहर परंपरागत बिम्ब अउ प्रतीक ले बिलकुल अलग आय। ये कविता ल देखन -

के झड़ी लगा बरसैं सुघर.
करसा के सतधारा ले सोनहा पानी
पीवराय धरती के ऊपर
पल्हरा पहाड़ ले टकराइस।

कवि बलदेव गति, ध्वनि अउ प्रकाश के बिम्बाकन म ऐति ओती सबो कोती अपन प्रतिभा ल बिखेरत आथे। उकर एक एक शब्द मन अलग अलग छटा बिखेरत दिखत हे। एक चित्राकन ए कविता म -

पहाड़ म अनगढ़ गढ़ा अउ खोल
चांद म करिया दाग
चमकै सूरज माथा ऊपर
बरसै सोनहा फाग।

ए कविता म चंदा अउ सुरुज यानि रात अउ दिन के विरोधाभासी चित्रण। सरद काल के मझनिया के सुरुज हर सोनहा फाग के अनुभूति करात हवय। अलंकार के सुघर प्रयोग होय हे जेहर सही माने म गति अउ सक्ति के बोधक आय। कवि ह दू दाड़ म बड़ कला कौसल के संग दे हावय जेमा अर्थ विस्तार के अब्बड़ गुंजाइस हवय।



पुस्तक समीक्षा

कठोलिया के पाती



कृति के नाव
कठोलिया के पाती

लेखक
परमानन्द कठोलिया

प्रकाशक
आशु प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा
गोविन्द साव

मूल्य
दो सौ रुपिया

छत्तीसगढ़ के जाने माने जसगीत लेखक परमानन्द कठोलिया जी राजनांदगांव के रहने वाला रिहिन। आप मन हजार ले जादा जस गीत के रचना करिन। आपके ज्यादातर रचना मन ल जस गीत गायक मन गाथे। जतका भी जस गीत गायन राजनांदगांव जिला म गाये जाथे वोमा कठोलिया जी के रचना जादा रथे। बिना कोनो तामझाम के जस गीत लिख के माता के प्रति अपन श्रद्धा सुमन अर्पित करेव। आज आपके शरीर नई हे फेर अपन रचे गीत के माध्यम ले जन के बीच म अपन उपस्थिति के अहसास करात हो। ए किताब म आपके कुछ जस गीत ल लिखित रूप म जन समक्ष लाय के प्रयास होय हे।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

ऐतिहासिक : डा. संजय अलंग

छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य रियासतों की तरह खैरागढ़ रियासत का प्राचीन इतिहास ज्ञात नहीं है। उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के समकालीन राजा काम सेन का नाम डोंगरगढ़ बमलाई मन्दिर निर्माण में सामने आता है। भांडवा कोल लोगों से सत्ता हस्तगत करने का उल्लेख नागवंश के इतिहास में आता है। यह रियासत अधिकांशतः नाँदगाँव के इतिहास से प्रभावित या सम्बद्ध रही।

अंग्रेजों के शासन काल में खैरागढ़ रियासत

खैरागढ़ रियासत को अंग्रेज शासन ने द्वितीय श्रेणी में रखा था। यह रियासत 21' 4' से 21' 34' उत्तरी अक्षांश और 80' 27' से 80' 22' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित थी। इसका क्षेत्रफल 931 वर्ग मील और जनसंख्या 155,471 थी, जो 124,770 हो गई थी। इसे जागीर या जमीन्दारी से प्रिंसली स्टेट 1898 में बनाया गया। यह रियासत तीन भागों में विभक्त थी। प्रथम में खैरागढ़ और डोंगरगढ़ तहसीलें थीं। इनके मध्य राजनाँदगाँव रियासत का पाँडादाह परगना था। इस भाग के उत्तर में छुईखदान रियासत और परपोड़ी जमींदारी, पूर्व में दुर्ग जिला और राजनाँदगाँव रियासत, दक्षिण में राजनाँदगाँव रियासत और भंडारा जिला तथा पश्चिम में भंडारा और बालाघाट जिले थे। द्वितीय में खम्हरिया तहसील है। यह भाग छुईखदान, कवर्धा रियासत की



सिल्हेटी जमीन्दारी और राजनाँदगाँव रियासत के मोहगाँव परगने के बीच था। तृतीय लघु भाग खोलवा का था। यह भाग लोहारा, गंडई और सिल्हेटी जमींदारी, दुर्ग और बालाघाट जिलों और छुईखदान रियासत से घिरा था। खैर वृक्षों की बहुलता ने खैरागढ़ संज्ञा को जन्म दिया। इस संज्ञा को शासक खडराय से भी जोड़ा जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य की अन्य रियासतों की तरह खैरागढ़ रियासत का प्राचीन इतिहास ज्ञात नहीं है। उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के समकालीन राजा काम सेन का नाम डोंगरगढ़ बमलाई मन्दिर निर्माण में सामने आता है। भांडवा कोल लोगों से सत्ता हस्तगत करने का उल्लेख नागवंश के इतिहास में आता है। यह रियासत अधिकांशतः नाँदगाँव के इतिहास से प्रभावित या सम्बद्ध रही। सभी रियासतों का इतिहास छत्तीसगढ़ के इतिहास के साथ-साथ ही रहा है। कल्चुरी, मराठे और अंग्रेजों से सभी रियासते प्रभावित रहीं हैं। खैरागढ़ रियासत का अंतिम शासक वंश ही ज्ञात रहा है, जो छोटा (चुटिया) नागपुर का नागवंशी राजपूत क्षत्रिय था। वे पुंडरीक नाग से अपनी व्युत्पत्ति मानते हैं।

जैकेट के शेष

तीन बाघों का ....

टाइगर रिजर्व में दर्ज पीओआर क्रमांक 22108/01 है, जो 5 जुलाई 2026 को दर्ज हुआ था। दोनों मामलों की जांच अब केंद्रीय एजेंसी के दायरे में आएगी।

मामला शुरू कैसे ....

दूसरे हिस्से तक पहुंची। बीजापुर जिले के नेतीवाड़ा गांव, जो इंद्रावती नदी के आसपास का इलाका है, में वन विभाग की टीमों ने तलाशी ली। तलाशी के दौरान शिकार के लिए फंदे, चाकू, 12 पंजे और चार कैनाइन दांत मिलने की जानकारी जांच से जुड़े अधिकारियों और मीडिया रिपोर्टों में सामने आई। इसके बाद जांच का दायरा केवल कांकेर में पकड़ी गई दो खालों तक सीमित नहीं रहा।

एसिड अटैक पर ....

पिता को जानकारी देकर उसे इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल बालोद लेकर गए। एसिड फेंककर आरोपी तत्काल तांदुला डैम की ओर फरार हो गया। मामले की जांच में पुलिस टीम ने मौके से घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाए एवं शहर में अलग अलग लोकेशन पर स्थित सीसीटीवी फुटेज को चेक किया। जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पीड़ित युवती के कथित प्रेमी कुंदरूपारा, बालोद निवासी यश कुमार सोनकर को संदेह के घेरे में लिया गया। यश सोनकर द्वारा कई प्रकार की मनगढ़ंत कहानियां बनाकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर यश सोनकर ने पीड़ित युवती से प्रेम संबंध स्वीकार किया तथा किसी अन्य जगह अफेयर एवं शादी हेतु स्वीकार नहीं किए जाने से गुस्से में आकर करीब तीन माह पूर्व अपने स्कूल फ्रेंड भैरमगढ़ बीजापुर निवासी करण कुंजाम, के साथ मिलकर युवती पर एसिड फेंकने की साजिश रचना स्वीकार किया।

ऐसे रची साजिश....

घटना के बाद करण कुंजाम तत्काल मौके से फरार होकर तांदुला बांध की ओर भागा। वहां से लिफ्ट लेकर झलमला, मरकाटोला होते हुए चारामा पहुंचा। आरोपी यश सोनकर द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने के बाद पुलिस द्वारा करण कुंजाम की तलाश की गई तथा उसे कोंडागांव से हिरासत में लिया गया। घटना में प्रयुक्त एसिड एवं घटना के समय पहने हुए कपड़े पुलिस ने जब्त किया है।

काशी में विश्वनाथ, वडनगर ....

मंदिर में 'जलाभिषेक' के साथ होगा। भाजपा के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 17 सितंबर को शुरू हुआ यह अभियान देश के अलग-अलग हिस्सों में 'सेवा', 'संकल्प' और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश लेकर पहुंचा है। यह अभियान पीएम मोदी के जीवन और जनसेवा के सफर से प्रेरित है। आखिरी दिन प्रधानमंत्री के जीवन और आध्यात्मिक विरासत से गहराई से जुड़े दो स्थानों पर हजारों 'सेवा यात्रियों', भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) के कार्यकर्ताओं और युवा नागरिकों का जमावड़ा होगा। वाराणसी में 'सेवा यात्री' काशी विश्वनाथ मंदिर में 'जलाभिषेक' के साथ अपनी यात्रा का समापन करेंगे। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और बीजेवाईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी इस सभा को संबोधित करेंगे। वे सार्वजनिक जीवन में 'सेवा' के महत्व पर प्रकाश डालेंगे और पिछले 25 वर्षों में पीएम मोदी की जन-सेवा यात्रा के बारे में बात करेंगे। वडनगर में 'सेवा संकल्प यात्रा' का समापन 'सेवा यात्रियों' द्वारा हटकेश्वर महादेव मंदिर में 'जलाभिषेक' के साथ होगा। यह मंदिर पीएम मोदी के जीवन में बहुत अहमियत रखता है।

हर विधानसभा में यात्रा, ब्लॉक में रंगोली : भाजपा की योजना के मुताबिक प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रमुख स्थान को यात्रा का केंद्र बनाया जाएगा। यात्रा के बाद लोगों को विकसित भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प दिलाया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक ब्लॉक में बड़ी रंगोली बनाई जाएगी, जिसमें केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

जन-आंदोलन में बदलने की कोशिश : बयान में कहा गया है कि 'सेवा संकल्प यात्रा' का मकसद पीएम मोदी के 25 साल के जनसेवा के जश्न को 'सेवा' के एक जन-आंदोलन में बदलना है। इसके जरिए युवाओं को सफाई अभियान, पेड़ लगाने, जल संरक्षण, गौ-सेवा, वृद्धाश्रमों में सेवा, लाभार्थियों से बातचीत और दूसरी सामाजिक पहलों के जरिए समाज में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

छग के 90 विस ....

का आयोजन होगा। इसके बाद निर्धारित स्थान पर विकसित भारत का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। बताया गया है कि 90 विधानसभा में शक्ति केंद्रों, मंडलों के मुख्यालय से होकर विधानसभा केंद्रों में सेवा ज्योति यात्रा की तैयारी हो चुकी है। प्रत्येक विधानसभा में एक ज्योति कलश रथ बनाकर भेजा गया है। राजधानी रायपुर में चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए संयुक्त रूप से बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश संगठन के अनुसार इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी होगी। सुबह 9 बजे कृषि मंडपम में नेता-पदाधिकारी एकत्र होंगे। यहां सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन और सेवा ज्योति प्रज्वलन का कार्यक्रम प्रस्तावित है, इसके बाद सेवा ज्योति यात्रा और बाइक रैली निकाली जाएगी, जो तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक जाएगी।

अभियान का समापन...

अभियान के प्रमुख कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया है। सेवा संकल्प अभियान का समापन 17 अक्टूबर को होगा।

अलग-अलग तारीख....

उसी दिन जब्त डायरी बीएस-01 में देवेंद्र को सौरागढ़ के सामने 35 लाख रुपए की प्रविष्टि मिली है।

डा. कुमार विश्वास कार्यक्रम ....

ईओडब्ल्यू ने प्रवर्तन निदेशालय से प्राप्त जानकारी से देवेंद्र यादव से रकम के लेन-देन से संबंधित अभिलेख प्राप्त किए है। इससे पता चलता है कि देवेंद्र यादव को खैरागढ़ उपचुनाव से लेकर कुमार विश्वास के कार्यक्रम के लिए रकम की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी। वाट्सप चैट एवं डायरी में दर्ज प्रविष्टियों की जांच से देवेंद्र यादव की भी कोल लेवी स्कैम में महत्वपूर्ण भूमिका पाई गई है।

पेज एक के शेष

हाई-एनर्जी न्यूट्रिनो ...

जन्मे हैल्जेन (82) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय से जुड़े हुए हैं। आइसक्यूब न्यूट्रिनो वेधशाला की वेबसाइट के मुताबिक, यह वेधशाला अंटार्कटिका में दक्षिणी ध्रुव पर स्थित एक शोध प्रतिष्ठान है, जिसका विकास विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय ने किया है। वहीं, 'न्यूट्रिनो' से आशय बेहद सूक्ष्म ब्रह्मांडीय कणों से है, जिनका द्रव्यमान अविश्वसनीय रूप से बहुत कम होता है। सूर्य जैसे तारों से निकलने वाले ये कण हर जगह मौजूद हैं और हर सेकंड खरबों 'न्यूट्रिनो' हमारे शरीर से होकर गुजरते हैं। इन्हें 'घोस्ट कण' भी कहा जाता है।

वैज्ञानिक इन रहस्यमयी 'घोस्ट कणों' को सीधे अपनी आंखों से नहीं देख सकते, क्योंकि ये तेजी से इधर-उधर घूमते रहते हैं। इसके बजाय, वैज्ञानिक यह मापते हैं कि जब ये सूक्ष्म कण पदार्थ के अन्य कणों से टकराते हैं और चमक या आवेशित कण पैदा करते हैं, तो क्या होता है। हैल्जेन ने 'न्यूट्रिनो' के एक दुर्लभ समूह का अध्ययन किया, जिन्हें वैज्ञानिक ब्रह्मांड का संदेशवाहक मानते हैं और जो इस बात का सुराग देते हैं कि ब्रह्मांड का विकास कैसे हुआ।

15 आश्रमों पर ...

नेता दिनेश शर्मा उर्फ फलाहारी बाबा, मथुरा की साध्वी इंदुलेखा सहित वृंदावन के कुछ संतों ने दावा किया है कि यहां साधु के भेष में छिपे माफियाओं ने 15 आश्रमों पर कब्जा कर रखा है। इनसे प्रेमानंद महाराज की जान को खतरा भी है। फलाहारी बाबा ने कहा कि वृंदावन का केली कुंज आश्रम अब भूमाफियाओं का केंद्र बन गया है। प्रेमानंद के आश्रम में दो गुट बन गए हैं। फलाहारी ने कहा कि केलि कुंज में नकली संतों का जो गुट रह रहा है, उसने वृंदावन में करीब 15 आश्रमों पर कब्जा कर रखा है। ये लोग यहां प्रॉपर्टी का धंधा कर रहे हैं। इसलिए प्रेमानंद महाराज इनसे दुखी होकर 20 किलोमीटर दूर बेलवन आश्रम चले गए हैं। हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर संत प्रेमानंद के लिए जेड प्लस सिक्योरिटी की मांग की है, क्योंकि इस संतों के दूसरे नकली गुट से प्रेमानंद जी की जान को खतरा है।

राशिफल

मेष मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

एसआईआर धांधली : भाजपा बूथ एजेंट के खिलाफ दर्ज हुआ केस

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद के चिक्कड़पल्ली में पुलिस ने BJP के एक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि उसने मुशीराबाद विधानसभा क्षेत्र में 30 लोगों के खिलाफ कथित तौर पर फर्जी फॉर्म 7 फाइल किया था, ये सभी मुस्लिम थे। यह कार्रवाई राज्य में वोटर रोल के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के क्लेम और ऑब्जेक्शन फेज के खत्म होने से एक दिन पहले हुई है। बीजेपी के एस बालचंदर के खिलाफ एफआईआर मुशीराबाद इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) टी प्रवीण कुमार रेड्डी की शिकायत पर दर्ज की गई थी। शुरुआती जांच में कथित तौर पर पता चला कि उनके जमा किए गए फॉर्म 7 में संबंधित वोटरों के नाम पहले से प्रिंट थे। बीजेपी के विरोधियों ने इसे इस बात का सबूत बताया है कि फॉर्म 7 भाजपा ऑफिस से सेंट्रल तरीके से जेनरेट किए गए थे। हैदराबाद के बहादुरपुरा और गोशामहल विधानसभा क्षेत्रों में भी पहले से प्रिंटेड वोटर जानकारी वाले ऐसे ही फॉर्म मिलने की खबर है।

श्रीलंका : आठ भारतीय गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका में अवैध रूप से ऑनलाइन जुआ खेलने के आरोप में आठ भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की उम्र 22 से 51 वर्ष के बीच है। थलावथुगोडा स्थित एक मकान में अवैध जुआ खेले जाने की सूचना मिलने के बाद कोलंबो के उपनगरीय इलाके थलंगामा की पुलिस ने रविवार को छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने छापे के दौरान कंप्यूटर और मोबाइल फोन भी जब्त किए। मामले की जांच की जा रही है।

फ्रांस में शिक्षकों की कमी को लेकर आंदोलन हुआ हिंसक

धमाके में 15 साल के छात्र का हाथ उड़ा, 5 हजार गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| पेरिस

फ्रांस में शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्र सड़कों पर उतर गए हैं। सितंबर में शुरू हुआ यह आंदोलन अब पूरे देश में फैल गया है। छात्र स्कूलों में बढ़ती भीड़, जर्जर इमारतों और शिक्षकों की कमी का विरोध कर रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में छात्रों ने सैकड़ों स्कूलों को बंद कराया। आंदोलन के दौरान कई जगह छात्रों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। लेंस शहर में एक स्कूल के पास हुए धमाके में 15 साल के एक छात्र का हाथ उड़ गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले पिछले हफ्ते 14 साल के ईडन नाम के छात्र के सिर पर आंसू गैस का गोला लगने की खबर सामने आई थी। उसके जबड़े में दो जगह फ्रैक्चर हुआ था और उसे बड़ी सर्जरी करानी पड़ी। प्रदर्शन के दौरान कम से कम 190 छात्र घायल हुए हैं, जबकि 5,060 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 87% नाबालिग हैं।

आंदोलन की शुरुआत 21 सितंबर को पेरिस के एक स्कूल से हुई थी। छात्रों की मांग थी कि स्कूल में स्टाफ और संसाधनों की कमी दूर की जाए। स्कूल में अतिरिक्त स्टाफ भेजे जाने के बाद वहां की हड़ताल खत्म हो गई, लेकिन तब तक दूसरे इलाकों में भी विरोध शुरू हो चुका था। इसके बाद विश्वविद्यालयों के छात्र भी आंदोलन में शामिल हो गए। छात्र नेता मानेस नडेल के मुताबिक, जब शुरुआती स्कूल में हड़ताल खत्म हुई, तब तक दूसरे इलाकों में आंदोलन फैल चुका था।

यह कहा पीएम ने

फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबास्तियन लेकोर्नू ने छात्रों और शिक्षा कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए कुछ कदमों की घोषणा की है। उन्होंने स्कूलों में बदलाव लाने का वादा किया है। हालांकि, हिंसा को लेकर उन्होंने साफ कहा है कि सरकार नरमी नहीं बरतेगी। प्रदर्शन के दौरान कई जगह स्कूलों की नाकेबंदी की गई और कूड़ेदानों में आग लगाई गई। शिक्षा मंत्री एडुआर जॉफ्रे के मुताबिक आंदोलन शुरू होने के बाद से 24 स्कूलों को जला दिया गया या उनमें तोड़फोड़ की गई।

स्कूलों में छात्र बढ़े शिक्षक घटे

फ्रांस में 2010 में करीब 8.33 लाख बच्चे पैदा हुए, जो उस समय पिछले 36 साल के सबसे ऊंचे आंकड़ों में था।जन्म बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 30 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं में बढ़ी प्रजनन दर थी। प्रवासी महिलाओं की प्रजनन दर, फ्रांस में जन्मी महिलाओं से ज्यादा थी। अब 2010 में पैदा हुए बच्चे 15-16 साल के हो चुके हैं और हाई स्कूल में पढ़ रहे हैं। लेकिन छात्रों की संख्या बढ़ने के मुकाबले स्कूलों में कक्षाएं, सुविधाएं और शिक्षकों की संख्या उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। 2008 की तुलना में माध्यमिक स्कूलों में अब शिक्षकों की संख्या कम है, जबकि छात्रों की संख्या करीब 2.5 लाख बढ़ गई है। इसी दबाव के चलते स्कूलों में भीड़ और सुविधाओं की कमी की शिकायतें बढ़ रही हैं।

देश के सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर प्लांट का ट्रायल शुरू

जागीरोड। असम के जागीरोड, मोरीगांव में बन रहा टाटा समूह का सेमीकंडक्टर प्लांट देश का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर प्लांट है। पूरी तरह से चालू होने पर इस प्लांट की उत्पादन क्षमता रोजाना करीब 4.8 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप तक होने की उम्मीद है। करीब 592 एकड़ में फैले इस प्लांट में ट्रायल रन शुरू हो चुका है। यहां वायर बॉन्डिंग, फ्लिप चिप और फैन-आउट जैसे एडवांस्ड सेमीकंडक्टर पैकेजिंग तकनीक का इस्तेमाल होगा।

मुंबई में सब-इंस्पेक्टर 1.30 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई के बोरीवली पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर परेड को एंटी-करप्शन ब्यूरो ने 1.30 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता व उसकी दो बहनों को एक मामले में गिरफ्तार न करने के बदले 1.50 लाख रुपए मांगे थे। शिकायतकर्ता ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी थी। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और ज्ञानेश्वर परेड को रिश्वत लेते पकड़ लिया। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 के तहत केस दर्ज किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सिग्नलिंग कार्य हेतु निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या: 19- एसटी-टेंडर-2026, दिनांक: 22.09.2026.
कार्य: "S&T कार्य के संबंध में: RIG यार्ड के UP ग्रिड से लंबी दूरी की ट्रेनों (Long- Haul Trains) के संचालन/हैंडलिंग हेतु, BSP छोर पर शंटिंग नेक से 04वीं लाइन में 1 इन 12 क्रॉसओवर का प्रावधान करना"। निविदा मूल्य: ₹ 2,67,08,422.55 (₹ दो करोड़ सड़सठ लाख आठ हजार चार सौ बाईस रुपये और पचपन मात्र)। अमानत राशि: ₹ 5,34,200/- (₹ पाँच लाख चौंतीस हजार दो सौ मात्र)।
निविदा जमा होने की तिथि: 14.10.2026 के 15.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजी./(मेन सीपीआर/10/पीएच/426 लाईन), बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्र.38/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2026-27 दिनांक 05/10/2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दिनांक 27.10.2026 को सायंकाल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा क्रमांक/सिस्टम टेंडर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि
201034	तिलक नगर स्थित सामुदायिक भवन में बाउंड्रीवाल, गेट एवं शौचालय निर्माण कार्य।	20.00	27 / 10 / 2026

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
ज़ोन आयुक्त, जोन क्र.3 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)
Green City, Clean City, Dream City.

कार्यालय नगरपालिका परिषद सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
Email ID- cmonppsaraipali @ gmail.com

क्र./650/न.पा.प./लो.नि.वि./2026-27 ई - निविदा आमंत्रण सूचना सरायपाली, दिनांक 06.10.2026

नगर पालिका परिषद् सरायपाली क्षेत्रांतर्गत **अधोसंरचना मद** अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" अंतर्गत प्रचलित एस.ओ.आर. [CG PWD Building SOR 10-06- 2026 & Road SOR 15.06.2026] से प्रतिशत दर पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्रं.	कार्य विवरण	अनु. लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	201039	वार्ड क्र. 01 में बाबूलाल घर से दुर्योधन बारी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	20.07	15100/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026
2	201040	वार्ड क्र. 05 में छींद तालाब से बारीक मोहल्ला तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	19.38	14550/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026
3	201041	वार्ड क्रं. 13 शंकरमुडा तालाब से शिवमंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	10.55	8000/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026
4	201042	वार्ड क्रं. 14 सुधीर भोई क्लीनीक से मुक्तिधाम तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	12.41	9350/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026
5	201043	वार्ड क्र. 15 मुकेश नायक घर से तेजराम साहू घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य।	10.98	8300/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026
6	201044	वार्ड क्र. 07 मुक्तिधाम में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य।	15.56	11700/- (offline Deposit) (FDR & T.D.R. And Tender Fee of Rs. 750/- Demand Draft	04 माह	"द" एवं उच्चतम श्रेणी	27.10.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।
टीप- निविदा हेतु भौतिक दस्तावेज रजिस्टर्ड / पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 30.10.2026 समय सायं 04:30 बजे तक प्राप्त की जावेगी।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सरायपाली

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/1167/तक./न.पा.परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांक 05/10/2026

मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/एजेंसी/कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य नगरपालिका परिषद, दन्तेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का नाम	अनु. लागत राशि (रूपये लाख में)	निविदा प्रपत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र. 01 में पद्मा के घर से पीन्टू राय के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	5.94	16.10.2026
2	वार्ड क्र. 02 में ट्यूबलर पोल सहित स्ट्रीट लाईट एवं स्थापना कार्य।	4.15	
3	वार्ड क्र. 04 में निमई के दुकान से डांडेकर के घर तक आर.सी.सी. नाली एवं सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	6.32	
4	वार्ड क्र. 05 में अभिमन्यू स्वामी के घर से कुमार स्वामी के घर तक रिटर्निंगवॉल, पुलिया एवं सी.सी. सड़क निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 14 में मधुबन होटल के सामने आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 14 में जाटव के घर से मण्डल मेडिकल तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	9.34	
5	वार्ड क्र. 06 में कुलकर्णी मैडम के घर के पास आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	7.42	
6	वार्ड क्र. 07 में जगबंधू के घर से जितेन्द्र के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	7.44	
7	वार्ड क्र. 08 में सुभाष किराना के पास (फारेस्ट डिपो के पास) रंग मंच निर्माण कार्य।	9.85	
8	वार्ड क्र. 10 में अविनाश गोस्वामी के घर से वंदना बेहरा के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	9.71	
9	वार्ड क्र. 12 में बाई पास रोड़ से जान अंकल के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	7.82	
10	वार्ड क्र. 13 में देवती कर्मा के घर के पीछे बी.टी. टॉप कार्य।	3.70	
11	वार्ड क्र. 15 में देवेन्द्र झाड़ी के घर से सद्दू दादा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	8.17	

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
कब्जा सूचना

संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्जा सूचना

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए **होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड**, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर **कब्जा** कर लिया है:

क्र. सं.	ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम	बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में)	कब्जा की तिथि
1.	उत्कर्ष शुक्ला, मंजू शुक्ला	मकान - मकान वाली भूमि खसरा नंबर 326/17, क्षेत्रफल 900 वर्गफीट स्थित, मौजा भाठागाँव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, वार्ड नंबर 63, प.ह.नं. 60, आर.आई.सी. रायपुर-13, तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492001। चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - राहुल साहू का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता की भूमि।	03-08-2026	34,44,781	05-10-2026
2.	विनोद दीप, बिमला दीप	मकान - प.ह.नं. 23, खसरा नंबर 60/1, संपत्ति वाली भूमि- खसरा नं. 60/123 का भाग, क्षेत्रफल 1375 वर्ग फुट, संपत्ति स्थित-मौजा-परसुलीडीह, प.ह.नं. 23, आर.आई.सी.- रायपुर-16-सरगांव, तहसील धरसींवा, जिला रायपुर (छ.ग.), रायपुर, छत्तीसगढ़-492015। चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - चहारदीवारी, दक्षिण - विक्रेता की भूमि।	03-08-2026	13,26,025	05-10-2026

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।

ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।

स्थान: रायपुर, दिनांक: 07-10-2026 अधिकृत अधिकारी: होम फर्स्ट

खबर संक्षेप



5जी नेटवर्क पर 100 करोड़ ग्राहक जोड़ने का लक्ष्य

नई दिल्ली। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत में 5जी नेटवर्क से जुड़े मोबाइल ग्राहकों की संख्या 2030 तक मौजूदा के 50 करोड़ से बढ़कर करीब एक अरब होने की उम्मीद है। कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में सिंधिया ने कहा कि भारत में 5जी सेवा अक्टूबर, 2022 में शुरू की गई थी और इसके बाद 23 महीने की अवधि में देश में पांच लाख मोबाइल नेटवर्क केंद्र (बेस स्टेशन) स्थापित किए गए। इस पर 550 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश हुआ। उन्होंने कहा, आज हमारे 99.9 प्रतिशत जिले 5जी से जुड़े हैं।

रिलायंस ने भारत में किए 7-इलेवन के सभी स्टोर बंद

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल ने टेक्सास मुख्यालय वाली खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन के साथ पांच साल का फ्रेंचाइजी करार पूरा होने के बाद भारत में उसके सभी स्टोर बंद कर दिए हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उद्योग सूत्रों ने कहा कि इन स्टोर के बंद होने के साथ ही खुदरा बिक्री श्रृंखला 7-इलेवन की भारत में मौजूदगी खत्म हो गई है। रिलायंस रिटेल देश में करीब 60 स्टोर का संचालन 7-इलेवन ब्रांड के तहत कर रही थी, जिनमें से लगभग आधे स्टोर पहले ही बंद किए जा चुके हैं।



रुपया आठ पैसे टूटकर 96.43 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को आठ पैसे टूटकर 96.43 (अस्थायी) प्रति डॉलर के स्तर पर रहा। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच रुपये पर दबाव रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और डॉलर के कमजोर होने से रुपये का नुकसान सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.29 प्रति डॉलर पर खुला।



टाटा पावर सोलररूफ ने लगाए 88,397 छतों पर सौर संयंत्र

नई दिल्ली। टाटा पावर सोलररूफ ने जुलाई-सितंबर तिमाही में रिकॉर्ड 88,397 छतों पर सौर संयंत्र (रूफटॉप सोलर) लगाए हैं। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में टाटा पावर सोलररूफ ने 66,447 'रूफटॉप सोलर' लगाए थे। कंपनी के बयान के अनुसार, टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की इकाई टाटा पावर सोलररूफ ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में 426 मेगावाट पीक (एमडब्ल्यूपी) की स्थापित क्षमता हासिल की, जो वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 369 एमडब्ल्यूपी की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है।



अदाणी पावर का भूटान की ड्रुक कंपनी से समझौता

नई दिल्ली। अदाणी पावर ने भूटान की सरकारी बिजली कंपनी ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (डीजीपीसी) लिमिटेड के साथ भूटान में 770 मेगावाट की चामखारछू-1 जलविद्युत परियोजना स्थापित करने के लिए समझौता किया है। बयान के अनुसार, अदाणी पावर और भूटान की सरकारी बिजली उत्पादन कंपनी डीजीपीसी ने परियोजना स्थापित करने के लिए शेयरधारक समझौते (एसएचए) पर हस्ताक्षर किए।



जियो के आईपीओ में कोई बिक्री पेशकश नहीं होगी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल होने की संभावना नहीं है। इसकी वजह है कि किसी भी निवेशक ने अपनी हिस्सेदारी बेचने या घटाने की मंशा नहीं जताई है।

मामले से परिचित सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कंपनी इस आईपीओ के जरिये करीब 3.8 अरब डॉलर जुटा सकती है। एक सूत्र ने कहा, ''विदेश में निवेशकों के साथ बैठकों के दौरान मिली प्रतिक्रिया के आधार पर जियो प्लेटफॉर्म्स का बाजार मूल्यांकन 12-13 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इस मूल्यांकन पर सूचीबद्ध होने के बाद कंपनी बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की शीर्ष तीन कंपनियों में शामिल हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, आईपीओ के लिए एंकर निवेशकों से बोली 19 अक्टूबर को लगने की संभावना है, जबकि आम निवेशकों के लिए निर्गम 21 से 23 अक्टूबर तक खुल सकता है। इस निर्गम में जियो प्लेटफॉर्म्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और जियो प्लेटफॉर्म्स की अनुषंगी कंपनियों के स्थायी कर्मचारियों के लिए शेयर आरक्षित होंगे।

किसी भी निवेशक ने अपनी हिस्सेदारी बेचने या घटाने की मंशा नहीं जताई

जियो ने जून में आईपीओ के लिए किया था आवेदन

फिलहाल बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की शीर्ष कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल शामिल हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स ने जून में आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दाखिल किया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 28 अगस्त को इस निर्गम के लिए अंतिम टिप्पणियां जारी की थीं।



27 करोड़ तक नए शेयर जारी करने की योजना

दस्तावेजों के मसौदे के मुताबिक, कंपनी आईपीओ के तहत 27 करोड़ तक नए इक्विटी शेयर जारी करने की योजना बना रही है। यह निर्गम के बाद कंपनी की कुल इक्विटी का करीब 2.9 प्रतिशत होगा। मामले से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि यह निर्गम बिना किसी बिक्री पेशकश के आएगा, क्योंकि किसी भी निवेशक ने अपनी हिस्सेदारी घटाने में दिलचस्पी नहीं दिखाई है।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी

जीएसटी दरों में बदलाव साल में एक बार 17 दिन में रिफंड देने पर परिषद में विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद ने पिछले साल सितंबर में कर दरों और स्लैब को तर्कसंगत बनाने का निर्णय किया था। चार स्लैब वाले जीएसटी (पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत) को बदलकर पांच और 18 प्रतिशत की दो-दर वाली व्यवस्था लागू की गई थी।

- सभी बदलाव एक अप्रैल से लागू किए जाएंगे

जीएसटी की कर दरों में बदलाव के प्रस्तावों पर साल में केवल एक बार विचार करने और सभी संशोधनों को नए वित्त वर्ष की शुरुआत से लागू करने के प्रस्ताव पर जीएसटी परिषद की आगामी बैठक में चर्चा होगी। इसके अलावा, कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन करने के प्रस्ताव पर भी विचार होगा। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

खास बातें

- पिछले साल सितंबर में कर दरों व स्लैब पर लिया गया था निर्णय
- चार स्लैब वाली व्यवस्था को बदलकर दो स्लैब वाली की गई थी



आठ अक्टूबर को 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि आठ अक्टूबर को होने वाली 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक के एजेंडा में कर दरों में बदलाव शामिल नहीं है। सूत्रों ने कहा कि भविष्य में दरों में बदलाव के प्रस्ताव साल में एक बार ही लाए जाएंगे और उन्हें एक अप्रैल यानी नये वित्त वर्ष से लागू किया जाएगा।

पांच फीसदी की एकल जीएसटी दर लागू होगी

आगामी बैठक में दरों को तर्कसंगत बनाने और अस्पष्टता दूर करने से जुड़े सीमित मुद्दों पर विचार किया जाएगा। अन्य प्रस्तावों के तहत परिषद यह मंजूर कर सकती है कि ई-कॉमर्स मंच के जरिये की जाने वाली आपूर्ति पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के बिना पांच प्रतिशत की एकल जीएसटी दर लागू होगी।

पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है

एक सूत्र ने कहा, ज्यादातर कारोबारियों के लिए किसी एक रियायत से अधिक महत्वपूर्ण निश्चितता है। उन्होंने कहा कि स्थिर कर दर व्यवस्था से अनुबंधों की पूरी अवधि के लिए कीमत तय करने और पूंजीगत व्यय की योजना बनाने में मदद मिलती है।''

अर्थव्यवस्था को हुआ लाभ

सूत्रों ने कहा कि पिछले साल पुनर्गठित जीएसटी करीब एक साल से लागू है और इससे उपभोक्ताओं, उद्योग, कर राजस्व तथा अर्थव्यवस्था को लाभ हुआ है। पिछले साल जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाए जाने से खपत को बढ़ावा मिला है और जीएसटी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। इस साल जून से मासिक जीएसटी राजस्व में दहाई अंक में वृद्धि हुई है।

कर वापसी 17 दिन में सुनिश्चित करने का प्रस्ताव

इस सप्ताह होने वाली बैठक में जीएसटी में व्यापक सुधारों के तहत कर रिफंड की समयसीमा घटाकर 17 दिन कर सकती है। फिलहाल जीएसटी रिफंड में 21 से 45 दिन का समय लगता है। इसके साथ ही करदाताओं को नोटिस जारी करने के मामले में एक समान मानक बनाने और एक निर्धारित सीमा से नीचे के मामलों में कोई नोटिस नहीं देने के प्रस्ताव पर भी जीएसटी परिषद विचार करेगी।

आरबीआई आज करेगा मौद्रिक नीति की घोषणा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) बुधवार को अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। कई विशेषज्ञों ने करीब साढ़े तीन साल बाद रेपो दर में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है।

- रेपो दर में 0.25 प्रतिशत वृद्धि की संभावना

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक खत्म होने के बाद बुधवार सुबह 10 बजे नीतिगत निर्णयों की जानकारी देंगे। मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर बढ़ाई जाती है तो यह आरबीआई के नीतिगत रुख में बदलाव को दर्शाएगी। केंद्रीय बैंक ने 2025 में चार बार में कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की थी। हालांकि, उसके बाद लंबे समय तक दरों को स्थिर रखा गया है। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर बढ़ाई थी। उस समय रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर इसे 6.50 प्रतिशत कर दिया गया था। फिलहाल रेपो दर 5.25 प्रतिशत है। एक सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश विशेषज्ञों ने मौद्रिक समीक्षा में 0.25 प्रतिशत की दर बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है।



केंद्रीय बैंक तत्काल दर बढ़ाने से बच सकता है

अधिकांश विशेषज्ञों ने इसके साथ कड़ा नीतिगत रुख अपनाए जाने की भी संभावना जताई है, लेकिन नीतिगत रुख में बदलाव को लेकर उनकी राय बंटी हुई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि दर में बढ़ोतरी होना तय है, जबकि कुछ का मानना है कि केंद्रीय बैंक तत्काल दर बढ़ाने से बच सकता है।

अगस्त में खुदरा महंगाई में वृद्धि हुई

सरकार ने आरबीआई को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई को चार प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है, जिसमें दो प्रतिशत घट-बढ़ की गुंजाइश है। अगस्त में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.82 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 4.45 प्रतिशत थी।

सेवा क्षेत्र की वृद्धि तीन महीने के उच्च स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि सितंबर में तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। नए ऑर्डर में तेजी के साथ मजबूत घरेलू मांग से क्षेत्र की वृद्धि को समर्थन मिला।

- मजबूत घरेलू मांग से सितंबर में उच्च स्तर पर पहुंची

मंगलवार को जारी मा सि क सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अगस्त के 54.1 से बढ़कर सितंबर में 55.2 हो गया। यह जून के बाद गतिविधियों में सबसे तेज बढ़ोतरी का संकेत है। सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में बढ़ोतरी के बावजूद तिमाही औसत पिछली अवधि के स्तर से ऊपर नहीं जा सका। सर्वेक्षण में कहा गया, वास्तव में, वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में वृद्धि मार्च 2022 तक के तीन महीनों के बाद सबसे कमजोर रही। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के अनुसार, 50 से ऊपर का आंकड़ा विस्तार, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन दर्शाता है।



यूरोप की कंपनियों से मांग बढ़ने की जानकारी

सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्रिटेन और अमेरिका से मांग बढ़ने की जानकारी दी। एचएसबीसी की मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, ''पीएमआई सर्वेक्षण से पता चला कि भारत के सेवा क्षेत्र में सुधार जारी रहा, जिसे मजबूत होती घरेलू मांग का समर्थन मिला। साथ ही, निर्यात कारोबार में भी वृद्धि जारी रही, हालांकि इसकी रफ्तार धीमी हुई।''

विश्व बैंक ने भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

नई दिल्ली। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर मंगलवार को 7.1 प्रतिशत कर दिया। यह अप्रैल में लगाए गए अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक अधिक है। वृद्धि के अनुमान में यह बढ़ोतरी पहली तिमाही के उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन के कारण की गई है। विश्व बैंक ने अपनी नवीनतम 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान अप्रैल के 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया है, क्योंकि व्यापार एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही है।''

एनएमडीसी के 'छू लो आसमान' ने बदली दंतेवाड़ा के वंचित परिवारों की तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/बस्तर

दंतेवाड़ा के छात्रों की एनईईटी में सफलता के बाद हुई काउंसलिंग के पहले दौर ने एनएमडीसी के सहयोग से चल रही 'छू लो आसमान' पहल को नई पहचान दिलाई है, जिसमें अब तक मेडिकल प्रवेश परीक्षा पास करने वाले 22 छात्रों में से 11 छात्रों ने एमबीबीएस में नौ और बीडीएस में दो सीटें हासिल की हैं। सफल छात्रों ने दंतेवाड़ा में आवासीय कोचिंग कार्यक्रम में शुरू हुई यात्रा में अगला कदम रखते हुए मेडिकल कॉलेजों में अपनी पढ़ाई शुरू कर दी है। शेष छात्रों के लिए काउंसलिंग अभी भी जारी है। इस पहल से जुड़े दो अन्य छात्र, जिन्होंने जेईई परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्होंने एनआईटी रायपुर में जैव प्रौद्योगिकी और खनन में बी.टेक कार्यक्रमों में दाखिला लिया है। छात्रों और उनके परिवारों के लिए, दाखिला का अर्थ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता से कहीं अधिक है। एक सामान्य श्रेणी के छात्र को छोड़कर, सभी सफल उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय से हैं। अधिकांश आर्थिक रूप से वंचित परिवारों से आते हैं, जिनके माता-पिता खेती या कृषि मजदूरी का कार्य करते हैं। कई लोगों के लिए, व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश पाना उनके परिवार में इस तरह की पहली उपलब्धि है। प्रवेश पाने वालों में 21 वर्षीय दीपा मरकाम और दंतेवाड़ा के पोटाली की निवासी दीपा आती हैं।

- पहली पीढ़ी के डॉक्टर और इंजीनियर बनने की ओर बढ़े छात्र

2011 से जारी है शैक्षणिक यात्रा

'छू लो आसमान' के तहत नवीनतम दाखिले प्रोफेशनल शिक्षा परिणामों के लंबे रिकॉर्ड में वृद्धि करते हैं। 2011 में दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और एनएमडीसी की एक संयुक्त पहल के रूप में शुरू किया गया यह कार्यक्रम राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करता है। एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि ये उपलब्धियां वंचित समुदायों के छात्रों के लिए सतत शैक्षणिक अवसर पैदा करने के महत्व को दर्शाती हैं।

कमजोर खुदरा मांग से सोना 200 रुपए टूटा, चांदी स्थिर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर 1,49,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। कमजोर खुदरा मांग और डॉलर में मजबूती के कारण सोने की कीमत पर दबाव रहा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 1,49,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में 2.27 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, यह कीमत सभी करों सहित है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''पितृ पक्ष के दौरान कमजोर वैश्विक संकेतों और खुदरा मांग में कमी के कारण घरेलू बाजार में सोने की कीमत में गिरावट आई।'' गांधी ने कहा कि पितृ पक्ष के दौरान लोग परंपरागत रूप से सोने, आभूषण, संपत्ति या अन्य महंगी वस्तुओं जैसी शुभ चीजें खरीदने से बचते हैं। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,149.44 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 61.01 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur-6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ड्रायवर/ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- भाटागांव, रायपुर मे ड्राइवर, ऑफिस ब्वॉय काम हेतु 10वीं 25/30 वर्षीय युवक की । रहने/पकाने/खाने हेतु सुविधा । वेतन योग्यतानुसार । शराब के आदी क्षमा करें । संपर्क: 7415213236 / 7974100341. (आरे-218)

पैकिंग/बिलिंग कार्य

आवश्यकता है- 5 अंकों में वेतन, फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क:- विश्वास फटाका, बढ़ई पारा, रायपुर, 8602349757. (आरे-857)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24 घंटे रहने योग्य महिला / युवती चाहिए, रहना खाना फ्री+ वेतन. डिटेल्स व्हाट्सअप करें 9993707000. (आरे-aditya)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरे - 342)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलू स्टाफ

आवश्यकता है- घरेलू स्टाफ वीआईपी चौक, तेलीबांधा में घर की साफ़-सफाई हेतु अनुभवी घरेलू स्टाफ (पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000.(आरे-114)

केयर टेकर

आवश्यकता है- विकलांग युवक के देखभाल हेतु होनहार कामकाजी युवक की आवश्यकता है, रहना खाना फ्री वेतन योग्यतानुसार। संपर्क नंबर-7354988225 एड्रेस.... होटल ए डी टॉवर सिद्धार्थ चौक टिकरापारा रायपुर (आरे -223)

ऑफिस स्टॉफ

आवश्यकता है- रायपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक कंपनी में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, सैलरी 10 से 25 हजार उम्र 18 से 35 वर्ष रहना फ्री सम्पर्क:- रायपुर (छ.ग.) 9993929100, 9827622050. (आरे - 222)

वेटर/हेल्पर/मिस्त्री

आवश्यकता है- ढाबा में काम करने के लिए वेटर हेल्पर, तन्दुर मास्टर, मिस्त्री, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है रहने खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बिलासपुर (छ.ग.) 7000942962, 9098976666.(आरे-bsp)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

Property प्रापर्टी

जमीन/प्लाट

बेचना है- कांकेर माकड़ी (कांकेर - रायपुर रोड) नया माकड़ी होटल पंजाबी ढाबा से लगभग 300 मीटर कि दूरी पर मेन रोड किनारे 1 एकड़ 15 डिसमिल जमीन बिक्री हेतु उपलब्ध। खरीदार संपर्क करें - 8770236792. (आरे-088)

बेचना है- बिलासपुर सकरी मेन रोड से 50 मीटर पूर्ण विकसित कॉलोनी में 1409 वर्गफुट आवासीय प्लॉट बेचना है मात्र 26 लाख में कैश में लेने वाले को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 7898855268.(आरे-bsp)

For Rent किराया

किराये से देना है - शहर के मध्य फरिस्ता कॉम्प्लेक्स के पास एक होटल "गोल्डी होटल" किराए से देना है, संपर्क करे हरमीत सिंह मथारू मोबाइल - 9754355587. (आरे-309)

Finance फायनेंस

फाइनेंस - वसुधा फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन पर्सनल, लेबरकार्ड, डेरीफार्म, होम लोन, आधारकार्ड पर 40 हजार से 50 लाख तक (2 %ब्याज), (30%छूट) समस्त लोन कराये - 9770833099. (आरे-4346)

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी यात्रे-वाणे या अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के संबंध में और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare





हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी, स्मृति बनीं नई ऑल-फॉर्मेट कप्तान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत की एकमात्र विश्व कप विजेता महिला क्रिकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मंगलवार को तीनों प्रारुपों की कप्तानी से इस्तीफा देते हुए कहा कि बतौर कप्तान उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह निभाई है और अब वह एक बार फिर सिर्फ खेल के प्यार और जुनून के लिए खेलने को तैयार हैं।

37 वर्षीय हरमनप्रीत का यह फैसला गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की समीक्षा बैठक के बाद आया, जिसमें पिछले कुछ महीनों में टीम के प्रदर्शन और उसकी आगे की दिशा का आकलन किया गया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरमनप्रीत के अलावा उपकप्तान स्मृति मंधाना और मुख्य कोच अमोल मजूमदार भी शामिल हुए। हाल के दिनों में भारतीय महिला टीम की कप्तानी करने की अपनी इच्छा खुलकर जाहिर करने वाली स्मृति मंधाना अगली कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे मानी जा रही हैं।

हरमनप्रीत ने किया भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा

कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहीं हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मैं आज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तीनों प्रारुपों की कप्तानी से हट रही हूं।' उन्होंने कहा, यह फैसला आसान नहीं है। इसके साथ वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे अनगिनत पल जुड़े हैं, जो जीवन भर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत ने यह भावुक संदेश इंस्टाग्राम पर साझा किया। इसके साथ उन्होंने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट मैदान की ओर मुंह करके खड़े अपनी तस्वीर भी पोस्ट की। इससे पहले हरमनप्रीत ने कम से कम 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक तक टीम की कप्तानी करने की इच्छा जताई थी। भारत इन खेलों के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है।



मंधाना को बड़ी जिम्मेदारी

स्मृति मंधाना को मंगलवार को हरमनप्रीत कौर के कप्तानी पद से हटने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया। बीसीसीआई ने कहा, बीसीसीआई स्मृति मंधाना को भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त करता है। बोर्ड ने कहा, ' स्मृति पिछले कई वर्षों से भारतीय महिला क्रिकेट की प्रमुख खिलाड़ियों में रही हैं और तीनों प्रारुपों में टीम की प्रगति में उनकी अहम भूमिका रही है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का लंबा अनुभव रखने वाली स्मृति ने घरेलू और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी अपनी नेतृत्व क्षमता साबित की है। उन्होंने हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 2024 और 2026 में महिला प्रीमियर लीग का खिताब दिलाया था।' बीसीसीआई ने कहा, ' स्मृति 2013 से भारतीय टीम का हिस्सा हैं और उनके पास कप्तानी के लिए पर्याप्त अनुभव है। अब वह टीम की कमान संभालते हुए भारतीय महिला क्रिकेट के नए दौर में टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी निभाएंगी।'

जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए महिला टीम का ऐलान

शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा को क्रमशः भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया। दोनों नवनियुक्त कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई में जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में टीम की उपकप्तान होंगी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच तीन मैच की टी20 श्रृंखला रायपुर में 16, 18 और 20 अक्टूबर को खेली जाएगी। तीन मैच की वनडे श्रृंखला वडोदरा में 23, 25 और 28 अक्टूबर को होगी। टी20 टीम में प्रतिका रावल को जगह नहीं मिली है जबकि निक्की प्रसाद, मीनू मणि, अनुष्का शर्मा और जिंतिमणि कलिता को शामिल किया गया है। जेमिमा रोड्रिग्स को टीम से बाहर रखा गया है।

'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ'

शेफाली-चरणी नॉमिनेट अभिषेक-गिल शॉर्टलिस्ट

एजेंसी ▸▸ दुबई

विमेंस एशिया कप और एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत की शेफाली वर्मा और श्रीचरणी के साथ-साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू को सितंबर के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए नामित किया गया है।

वहीं, व्हाइट-बॉल क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद, भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के साथ जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को सितंबर के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

शेफाली ने बनाए 184.61 के स्ट्राइक रेट से रन

शेफाली के लिए भारत की ओपनिंग बैटिंग लाइन-अप में यह महीना बहुत शानदार रहा। उन्होंने सात टी20 मैचों में 72 की औसत और 184.61 के स्ट्राइक रेट से 360 रन बनाए। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया और 13 की औसत से छह विकेट लिए। वह विमेंस एशिया कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं और पांच पारियों में 236 रन बनाए।



अभिषेक ने की जबरदस्त वापसी

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के दौरान अभिषेक ने 76.33 की औसत से 229 रन बनाए। उन्होंने दिल्ली में खेले गए पहले मैच में 32 गेंदों पर 82 रन बनाकर जबरदस्त वापसी की। अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। भारत ने 157 रन का लक्ष्य 38 गेंदें बाकी रहते हुए हासिल कर लिया।

गिल के लिए सितंबर महीना रहा शानदार

भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सितंबर का महीना शानदार रहा, जिसमें उन्होंने वनडे फॉर्मेट में रिकॉर्डतोड़ पारियां खेलीं। गिल ने तिरुवनंतपुरम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध 110 रन की पारी खेली, जबकि गुवाहाटी में नाबाद 223 रन बनाए। दोनों मुकाबले भारत ने जीते और सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

पहले टी20 में भारत ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

भारत ने 15वें ओवर में जीता मुकाबला अय्यर का ठोका पहला टी20 शतक

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

कप्तान श्रेयस अय्यर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक जड़ा, जबकि पदार्पण कर रहे हरफनमौला नमन धीर ने 3 विकेट चटकाए, जिससे भारत ने मंगलवार को 5 मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी।

धीर ने 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट चटकाए। इससे वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 171 रन पर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए अय्यर ने 43 गेंदों पर 10 चौकों और 6 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ईशान किशन (27 गेंद में नाबाद 37 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 68 गेंद में 137 रन की अटूट साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 14.4 ओवर में दो विकेट पर 172 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



टी20 में शतक बनाने वाले भारतीय कप्तान

खिलाड़ी	स्कोर	विपक्ष	साल
रोहित शर्मा	121*	अफगानिस्तान	2024
रोहित शर्मा	118	श्रीलंका	2017
रोहित शर्मा	111*	वेस्ट इंडीज	2018
श्रेयस अय्यर	102*	वेस्ट इंडीज	2026
सूर्यकुमार	100	द.अफ्रीका	2023

सबसे तेज शतक बनाने वाले कप्तान

गेंद	कप्तान	विपक्ष	साल
33	सिकंदर रजा	गाम्बिया	2024
35	रोहित शर्मा	श्रीलंका	2017
42	हैरी बूक	श्रीलंका	2026
42	श्रेयस अय्यर	वेस्ट इंडीज	2026
46	फाफ डुप्लेसी	वेस्ट इंडीज	2015

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज	रन	गेंद	4	6
शाई होप का अक्षर बो धीर	52	37	6	2
कामिल पूरन बो आर्शदीप	12	11	2	0
हेटमायर रन आउट	05	2	1	0
रोवमन पोवेल बो अक्षर	00	3	0	0
रदरफोर्ड का धीर बो मयंक	56	34	6	3
रोस्टन चेज पगबाधा कुलदीप	05	3	1	0
शेफर्ड का तिलक बो धीर	07	5	0	1
फोर्ड का इशान बो कुलदीप	02	4	0	0
स्पीगर का अक्षर बो धीर	09	7	0	1
अकीलका इशान बो अक्षर	15	9	1	1
शामर जोसेफ नाबाद	00	1	0	0

कुल योग: 19.1 ओवर में 171/10
गेंदबाजी: आर्शदीप सिंह 4-0-34-1, मयंक यादव 4-0-40-1, अक्षर पटेल 3.1-1-26-2, कुलदीप यादव 4-0-33-2, नमन धीर 4-0-31-3

भारत	रन	गेंद	4	6
सैमसन का एवं बो हुसैन	11	9	1	0
अभिषेक का हेटमायर बो चेज	21	10	3	1
इशान किशन नाबाद	37	27	5	0
श्रेयस अय्यर नाबाद	102	43	10	6

कुल योग: 14.4 ओवर में 172/2
गेंदबाजी: मैथ्यू फोर्ड 2-0-39-0, अकील हुसैन 4-0-37-1, रोस्टन चेज 3.4-0-37-1, शामर जोसेफ 2-0-23-0, रोमारियो शेफर्ड 2-0-24-0, शामर स्प्रींगर 1-0-12-0

अय्यर ने छक्का लगाकर शतक किया पूरा

अय्यर ने मैदान के चारों ओर शानदार शॉट लगाए और तेजी से रन बनाते हुए अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक पूरा किया। उन्होंने रोस्टन चेज के खिलाफ छक्का लगाकर 42 गेंदों में शतक पूरा किया और फिर अगली गेंद पर एक रन चुराकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेस्टइंडीज की ओर से कप्तान शाई होप ने 37 गेंद में 52 और शरफेन रदरफोर्ड ने 34 गेंद में 56 रन की पारी खेली। होप ने दूसरे ओवर में मयंक यादव की गेंदों पर चार चौके जड़ कर वेस्टइंडीज को तेज शुरुआत दिलाई।

भुवनेश्वर की वापसी, बुमराह बाहर

न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत का आगामी न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी20 टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम में सबसे बड़ी बात है कि भुवनेश्वर कुमार की वापसी हुई है। भुवी ने नवंबर 2022 में आखिरी टी20 इंटरनेशनल खेला था और यही उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच था। अब तकरीबन चार साल बाद वह टीम में लौटे हैं। जबकि जसप्रीत बुमराह को इस टीम में जगह नहीं मिली है।

वरुण चक्रवर्ती भी टी20 टीम में लौटे हैं। नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव को इस दौरे के लिए भी टीम में चुना गया है। यह तीनों खिलाड़ी मौजूदा वेस्टइंडीज सीरीज में भी शामिल हैं। रवि बिश्नोई को बाहर किया गया है। हार्दिक पंड्या और हर्षित राणा की वापसी नहीं हुई है। सीरीज का पहला मैच 22 अक्टूबर, क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।



न्यूजीलैंड ए के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित

सीनियर टीम के उपकप्तान केएल राहुल, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल समेत 11 टेस्ट खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीन अनौपचारिक टेस्ट मैचों के लिए भारत ए की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। भारत ए और न्यूजीलैंड ए के बीच पहला चार दिवसीय मुकाबला 24 से 28 अक्टूबर तक लिंकन में खेला जाएगा। दूसरा मैच 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक क्राइस्टचर्च में और तीसरा मुकाबला 7 से 10 नवंबर तक फिर लिंकन में होगा। टीम में ऋषभ पंत को भी शामिल किया गया है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा। उनके अलावा टेस्ट टीम के बैकअप विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार भी टीम का हिस्सा हैं।

गांगुली बने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच



नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को इंडियन प्रीमियर लीग के 2027 सत्र के लिए दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया, जो हेमांग बदानी की जगह लेंगे। गांगुली 2019 में दिल्ली टीम के सलाहकार बने थे। वह फ्रेंचाइजी की पुरुष और महिला टीम के क्रिकेट निदेशक समेत कई पदों पर रह चुके हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स की एसए20 टीम प्रिटोरिया कैपिटल्स में भी पिछले सत्र में मुख्य कोच थे। गांगुली ने कहा, 'आईपीएल में मुख्य कोच की भूमिका संभालने को लेकर उत्साहित हूं। दिल्ली कैपिटल्स टीम मेरे दिल के करीब है और इतने सालों में उसके साथ करीबी रिश्ता रहा है।'

भूटिया की इंदौर में फुटबॉल अकादमी शुरू



इंदौर। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान और सितारा स्ट्राइकर बाइचुंग भूटिया ने इंदौर के चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) की औपचारिक शुरुआत की। इसके साथ ही, यह संस्थान राज्य में भूटिया की फुटबॉल अकादमी शुरू करने वाला पहला केंद्र बन गया है। भूटिया ने कहा कि उनकी अकादमी का मुख्य उद्देश्य फुटबॉल की स्थानीय पौध को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है।

अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में उरुग्वे ने भारत को हराया

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

उरुग्वे ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री फुटबॉल मैच में दूसरे हाफ में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए भारत को 6-1 से करारी शिकस्त दी। दो बार की विश्व चैंपियन टीम को डार्विन नुनेज ने 11वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर बढ़त दिलाई। परमवीर सिंह को बॉक्स के अंदर फेडेरिको विनास के खिलाफ फाउल करने का दोषी ठहराए जाने के बाद उरुग्वे को पेनल्टी मिली थी। हालांकि भारत ने शानदार जवाब देते हुए 22वें मिनट में अनिरुद्ध थापा के गोल से बराबरी कर ली। रयान विलियम्स के शॉट को गोलकीपर थियागो कार्डोजो ने रोक दिया लेकिन थापा ने रिबाउंड पर गोल कर दिया। उरुग्वे ने 28वें मिनट में मैक्सिमिलियानो अराउजो के गोल से फिर बढ़त हासिल कर ली। भारतीय रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए अराउजो ने नजदीक से गेंद को गोल में पहुंचाया।



यूको बैंक UCO BANK
(भारत सरकार का उपक्रम)
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust

यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in

परिशिष्ट IV देखें, [नियम 8 (1)] के तहत

कब्जा सूचना (अचल/चल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यूको बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(12) और सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी / बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) सपठित उक्त नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

क्र. सं.	शाखा	ऋणी का नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना दिनांक / सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि
01	सिविक सेंटर भिलाई	श्री उजागर सिंह पिता श्री नत्थू सिंह	मकान क्रमांक LIG-399, खसरा क्रमांक 547, सी.जी.एच.बी. कॉलोनी, उमदा, वार्ड क्रमांक 06, भिलाई-3, चरोदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित आवासीय भवन। क्षेत्रफल: 899.75 वर्ग फुट। चतुर्सीमा- पूर्व - रास्ता, पश्चिम - LIG 402, उत्तर- LIG 400, दक्षिण - LIG 398	22/07/2026 / 01/10/2026 / ₹ 14,36,533.50 + ब्याज देय और अन्य खर्च।

ऋणी / बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधरण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

दिनांक : 01.10.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर-10, भिलाई (छ.ग.) 490006, फोन:0788-2261892, 8817410471
ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.bank.in

संपत्ति बिक्री सूचना

बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 8(6) और 9(1) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवी / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 07.11.2026, दोपहर 02.00 बजे से सायं 06.00 तक

क्र.	ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण नाम, पता एवं शाखा	चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं.	कुल बकाया राशि	1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली वृद्धि राशि	कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक
01	श्री खेम निर्मलकर पिता श्री भीम प्रकाश निर्मलकर (उधारकर्ता), निवासी - वार्ड नं. 4, जय अम्बे शोरुम के पास, लक्ष्मीपारा, जामुल, तहसील व जिला- दुर्ग, छ.ग.- 491001. श्रीमती जामबाई पति श्री भीम प्रकाश निर्मलकर (सह-ऋणकर्ता) निवासी - वार्ड नं. 4, जय अम्बे शोरुम के पास, लक्ष्मीपारा, जामुल, तहसील और जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001. श्री हरीश निर्मलकर पिता श्री भीम प्रकाश निर्मलकर (सह-उधारकर्ता) निवासी - वार्ड नं. 4, जय अम्बे शोरुम के पास, लक्ष्मीपारा, जामुल, तहसील और जिला - दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 491001.	आवासीय भूमि और भवन स्थित खसरा नं.- 493 / 8, मौजा- ग्राम जामुल, प.ह.नं. 13 / 18, दुर्गा मंदिर वार्ड नं. 04 के अंतर्गत का हिस्सा, आरआईसी- 01, तहसील और ज़िला- दुर्ग, छत्तीसगढ़- 491001, क्षेत्रफल- 750 वर्गफीट. सीमाएं: उत्तर: रेखाराम की भूमि, दक्षिण: अंजू देवांगन की भूमि, पूर्व : छतर सिंह चंद्रकार की भूमि, पश्चिम: सड़क.	रु. 25,87,529.00 + ब्याज + अन्य प्रभार	रु. 23,90,000.00 रु. 2,39,000.00 रु. 10,000.00	सांकेतिक कब्जा

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 07.11.2026, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 05.11.2026 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए, https://baanknet.com/ [BAANKNET: भारतीय बैंकों के लिए नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (NPA) बेचने का ई-ऑक्शन पोर्टल)। में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 7723024982 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

अतिरिक्त नियम और शर्तें:
1) संपत्ति सांकेतिक कब्ज़े में है और बोली लगाने वाला इसे सांकेतिक कब्जे में ही अपनी जोखिम और ज़िम्मेदारी पर खरीद रहा है। 2) बैंक संपत्ति का कब्ज़ा केवल सांकेतिक रुप से सौंपेगा और सफल नीलामी बोली लगाने वाला / खरीददार बैंक से भौतिक कब्ज़े का दावा नहीं करेगा। 3) बैंक भौतिक कब्ज़ा सौंपने के लिए ज़िम्मेदार या बाध्य नहीं होगा। 4) नीलामी में सफल खरीदार, पैसे की वापसी की किसी भी स्थिति में, किसी भी तरह के ब्याज का दावा करने का हकदार नहीं होगा। 5) सफल नीलामी खरीदार को ई-नीलामी के तुरंत बाद ऊपर बताई गई शर्तों और नियमों की पुष्टि करते हुए घोषणा-सह-वचनबंध जमा करनी होगी।
6) बिक्री के बाद, अगर सफल बोली लगाने वाला घोषणा-सह-वचनबंध जमा करने में विफल रहता है, तो बोली की ईएमडी राशि ज़ब्त कर ली जाएगी।

दिनांक:07.10.2026, स्थान: भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा



जमीन की खुदाई में मिलीं 3000 साल पुरानी ममी!

काहिरा। मिस्र के लक्सर शहर में जमीन के नीचे दबे रहस्यों को खोजने के दौरान पुरातत्वविदों को एक बड़ी सफलता मिली है। विशेषज्ञों की एक टीम ने कुरना इलाके में खुदाई के दौरान चट्टान को काटकर बनाया गया एक मुर्दाघर खोज निकाला है, जिसमें 22 लकड़ी के रंगीन ताबूत मिले हैं। इन ताबूतों के भीतर रखी गई ममी करीब 3,000 साल पुरानी बताई जा रही हैं, जो इतिहास के 'थर्ड ट्रांजिशन एरा' से ताल्लुक रखती हैं। इस खोज को इसलिए भी असाधारण माना जा रहा है, क्योंकि ये ताबूत अभी भी अपनी मूल रंगत और चमक को बरकरार रखे हुए हैं, जिससे उस दौर की कला और संस्कृति का पता चलता है। साथ ही इन पर ऐसे शब्द लिखे हैं, जिससे पता चलता है कि ये ममी किन लोगों की हो सकती है। डॉ. जाही हवास की अगुवाई में हुई इस खुदाई में पाया गया कि ये ताबूत पंक्तियों में सजाकर रखे गए थे।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैशनल लेजर व्दारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

मंगल ग्रह पर इंसानी बस्ती बसाने का रास्ता साफ

रेत, जिलेटिन और यीस्ट से बनेगा मंगल पर आशियाना!

हांगकांग। लाल ग्रह पर इंसानी बस्ती बसाने की राह में सबसे बड़ी चुनौती वहां रहने के लिए घर बनाना था। लेकिन, वैज्ञानिकों ने अब इसका एक चौंकाने वाला तोड़ खोज निकाला है। एक नई रिसर्च के मुताबिक महज इंजीनियर यीस्ट, जिलेटिन और मंगल की स्थानीय रेत के इस्तेमाल से बेहद मजबूत और रेडिएशन-प्रूफ शेल्टर तैयार किए जा सकते हैं। इस क्रांतिकारी बायोटेक्नोलॉजी ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। हांगकांग के वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने जेनेटिकली इंजीनियर किए गए यीस्ट, जिलेटिन और रेत से एक सस्ता और तेजी से बनने वाला 'लिविंग' (जीवित) निर्माण मटीरियल बनाया है। इसे मंगल ग्रह जैसे माहौल में 3D प्रिंट किया जा सकता है। वैज्ञानिकों की यह स्टडी पिछले महीने 'केम सर्कुलैरिटी' नाम के एक इंटरनेशनल 'सेल प्रेस' जर्नल में ऑनलाइन छपी थी। इसमें एक ऐसे बायोलॉजिकल बाइंडर के बारे में बताया गया है जो दानेदार मटीरियल को आपस में जोड़े रखता है।



वैज्ञानिकों ने खोजा घर बनाने का नया तरीका

लाल ग्रह पर इंसानी बस्ती बसाने की राह में सबसे बड़ी चुनौती वहां रहने के लिए घर बनाना था। लेकिन, वैज्ञानिकों ने अब इसका एक चौंकाने वाला तोड़ खोज निकाला है। एक नई रिसर्च के मुताबिक महज इंजीनियर यीस्ट, जिलेटिन और मंगल की स्थानीय रेत के इस्तेमाल से बेहद मजबूत और रेडिएशन-प्रूफ शेल्टर तैयार किए जा सकते हैं। इस क्रांतिकारी बायोटेक्नोलॉजी ने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है।

कितना मजबूत होगा यह 'बायो-हाउस'?

वैज्ञानिकों की इस नई सामग्री का कंप्रेसिव स्ट्रेंथ 12 मेगापास्कल मापा गया है। यह आम निर्माण सामग्रियों के बराबर और सामान्य मिश्रण से लगभग 170% ज्यादा मजबूत है। यीस्ट कोशिकाओं, जिलेटिन और बालू के कणों को आपस में जोड़ने के लिए वैज्ञानिकों ने सी-फूड (मसेल) के चिपचिपे प्रोटीन का उपयोग किया है।

1000 डिग्री तापमान और भारी मशीनों की जरूरत खत्म

वैज्ञानिकों ने अपने रिसर्च रिपोर्ट में बताया है कि पृथ्वी पर घर बनाने के लिए कंक्रीट और भारी मशीनों की आवश्यकता होती है, जिन्हें मंगल ग्रह तक ले जाना लगभग नामुमकिन है। इसके अलावा पारंपरिक तरीकों में पत्थरों या खनिजों को 1000 डिग्री सेल्सियस तक गर्म करना पड़ता है जिसमें काफी ऊर्जा खर्च होती है। हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर किउ जिशेन और उनकी टीम ने इस चुनौती का तोड़ इंजीनियर यीस्ट, जिलेटिन और मंगल की स्थानीय बालू के कॉम्बिनेशन से निकाला है।

भारत का अनोखा मंदिर, नहीं चढ़ता फूल नारियल, भगवान 'अप्रूव' करते हैं वीजा!

हैदराबाद। भारत में मंदिरों की कमी नहीं है और हर मंदिर की अपनी अलग मान्यता, परंपरा और कहानी है। कहीं भक्त भगवान को फूल चढ़ाते हैं तो कहीं मिठाई और नारियल चढ़ाते हैं। लेकिन, तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित चिलकुर बालाजी मंदिर इन सबसे थोड़ा अलग है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बीच यह मंदिर खासतौर पर 'वीजा मंदिर' के नाम से लोकप्रिय है। मान्यता है कि यहां भगवान बालाजी से विदेश जाने और वीजा मिलने की मनोकामना मांगी जाती है।



108 प्रदक्षिणा से जुड़ी है मान्यता


चिलकुर बालाजी मंदिर की सबसे प्रसिद्ध परंपराओं में से एक 108 प्रदक्षिणा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना के साथ मंदिर की 108 बार परिक्रमा करते हैं। मान्यता के अनुसार, इच्छा पूरी होने के बाद भक्त दोबारा मंदिर आकर 108 प्रदक्षिणा करते हैं।

यहां नहीं है वीआईपी संस्कृति का जोर

मंदिर की एक और खासियत इसकी सादगी है। यहां भगवान के दर्शन को लेकर आम श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व है। मंदिर प्रशासन की परंपराओं के कारण यह जगह कई लोगों को दूसरे बड़े और व्यावसायिक मंदिरों से अलग नजर आती है। वीजा बालाजी नाम की वजह से चिलकुर बालाजी मंदिर सोशल मीडिया पर भी अक्सर चर्चा में रहता है।

क्यों खास है चिलकुर बालाजी मंदिर?

हैदराबाद से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित चिलकुर बालाजी मंदिर भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। मंदिर की सबसे दिलचस्प बात यह है कि यहां सामान्य मंदिरों की तरह चढ़ावे और धन को लेकर जोर नहीं दिया जाता। यही वजह है कि श्रद्धालुओं को यहां का माहौल काफी अलग महसूस होता है। मंदिर में आने वाले कई भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने की उम्मीद लेकर भगवान के दर्शन करते हैं। खासकर वे युवा, जो पढ़ाई, नौकरी या बेहतर कॅरियर के लिए विदेश जाना चाहते हैं, यहां बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

आयुष्मान योजना से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मित्तल हॉस्पिटल
रायपुर - भिलाई
Department of Radiation Oncology

Dr. Punit Seth
MBBS, MD
Dr. Jageshwar Sonkar
MBBS, MD
Dr. Anusheel Vasnik
MBBS, MD
Deepak Ad./116
VARIAN HALCYON
RADIOTHERAPY (सिंकाई)
के मरिजों के रहने की निःशुल्क व्यवस्था (80 बिस्तरों का मंगल भवन)
रायपुरः अवंति बाई चौक, पंडरी 9343079151, 91313 99570
भिलाईः टी.आई. मॉल के पास 7722880844, 0788-2294440

उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
UMH आयुष्मान भवः
24x7 आपातकालीन सुविधा
पेट, लीवर एवं आंत रोगों का
विश्वसनीय
चिकित्सा संस्थान

डॉ. विनोद कुमार सिंह
मेडिकल डायरेक्टर, एमबीबीएस, एम. एस., एफएआईजीएएस, डी. मास, एफ. मास जनरल एवं लेप्रास्कोपिक सर्जन एन्डी रिकन्स सर्जरी विशेषज्ञ

डॉ. सन्नी उत्तमानी
एम.डी. मेडीसीन डी.एम. हेमेटोलॉजी, गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (गोल्ड मेडलिस्ट) लिवर रोग विशेषज्ञ

पेट, लीवर एवं आंत रोग
पेट रोग के लक्षण
भूख कम लगना • मुंह में कड़वा स्वाद बार-बार डकार आना • खून की उल्टी • लोते समय उल्टी मुंह में पानी आना • एसिड का ऊपर आना • खाना न पचना • गल त्याग में परेशानी • GERD की समस्याएं • गल के रास्ते में खून या मवाद आना • छाती में दर्द होना
लीवर एवं आंत रोग के लक्षण
पीलिया • अत्यधिक शराब के सेवन से परेशानी • फैटी लिवर • लिवर सोराइसिस • मधुमेह, मोटापा • पेट में पानी भरना • पेट फूला हुआ होना
लीवर की निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच
08 एवं 22 अक्टूबर 2026
UFT यूरो फ्लोमेट्री टेस्ट मूत्र प्रवाह की निःशुल्क जांच
17 अक्टूबर 2026
निःशुल्क मिर्गी जांच
23 अक्टूबर 2026
ALL TPA, INSURANCE, SECL, SAIL, RAILWAY, AIRPORT, NTPC, CG STATE & CENTRAL GOVT., CSEB
नहर रोड, भाठागांव, रायपुर (छ.ग.)
मो.: 0771-4088820, 91091 25524, 95899 56859

Raipur)
Hero
HF Deluxe
बाइक दमदार दाम शानदार
एक्स-शोरूम कीमत
₹59 999/~- (सेल्फ़-स्टार्ट)
*नियम व शर्तें लागू.
कम डाउन पेमेंट | ₹5 999/-
Hero GoodLife चांदी का सिक्का जीतने का मौका*
pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक#
टोल फ्री 1800 266 0018
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹ 5000 is applicable on the transaction between ₹ 30 000 to ₹ 1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Self Canvas variant applicable in Chhattisgarh.
अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलौदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, चौहान मोटर्स, 9289233817, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, **एसोशिएट डीलरः** रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज़ 8770383767, मनपुरीः ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोनुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, सिमगीः श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 पुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोड़लाः विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, पुरैनाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, चाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झलरंडीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, कसरगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 6260472025, कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, परिवाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, पुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, सिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, इतवारा- कांकेरः अंशू ऑटो, 9406054292, पखांजूरः रिशान सर्विसेज, 6267323235, गोहरा पादरः गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, कुहकुदुरः दिलीप मोटर्स, 7869151152, सुकमाः आशुतोष ऑटोमोबाइल, 9425260291, भानुप्रतापपुरः संस्कार मोटर्स, 9406203600, मानपुरः दिलीप ऑटो केयर, 7999054324, सारंगढ़ीः शुभम ऑटो केयर, 9754000069, अम्बागढ़ चौकीः अमर मोटर्स, 9827969901, सातेवाड़ाः साई मोटर्स, 9754329434, राजिमः राजीव लोचन ऑटोमोबाइल्स, 7000186678, सारंगांवः जी वी मोटर्स, 7566666243, सरसींवाः श्रीराम ऑटो, 6260060443, बीजापुरः माँ भवानी ऑटोमोबाइल्स, 9301683268/7987037477, धरमजयगढ़ः श्री करणी ऑटोमोबाइल, 9827894444, गुढ़ियारीः श्री राम मोटर्स, 7697966999/9425502611, भखाराः प्रेम ऑटो, 8770027422, **डीलर एक्सटेंशन काउंटरः** रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, **ऐडिशनल वर्कशॉपः** रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, **जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः** संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983.
VML.2654.2026

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com